# श्रमसाधना

दैनिक सांध्यकालीन — श्रम की शक्ति, राष्ट्र की प्रगति — www.shramsadhnanews.com

RNI रजि. क्र. 50069/89

वर्ष : 38, अंक : 10 ग्वालियर, सोमवार 11 अगस्त 2026
विक्रम संवत् 2083 पृष्ठ 12, मूल्य 1 रुपया

डाक पंजीयन
L-2-13/समा.पत्र/पं. 40020181/22-23


### टीटी नगर स्टेडियम से निकली विशाल यात्रा, बोले- हर घर पर तिरंगा लगाकर स्वतंत्रता सेनानियों को करें नमन

# मुख्यमंत्री ने शुरू की 'हर घर तिरंगा अभियान' की यात्रा

**भोपाल जीएनएस**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को राजधानी भोपाल के टीटी नगर स्टेडियम से 'हर घर तिरंगा अभियान-तिरंगा यात्रा' का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री निवास पर तिरंगा फहराने के बाद स्टेडियम पहुंचकर यात्रा को हरी झंडी दिखाई। इस दौरान पूरा स्टेडियम तिरंगे के रंग में रंगा नजर आया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव मोटरसाइकिल पर तिरंगा लेकर यात्रा में शामिल हुए। उन्हें मोटरसाइकिल पर देखकर विद्यार्थी उत्साहित नजर आए। छात्र-छात्राओं में मुख्यमंत्री की तस्वीर लेने को लेकर भी उत्साह दिखाई दिया। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में मुख्यमंत्री निवास का स्टाफ भी हाथों में तिरंगा लेकर भारत माता के जयघोष के साथ पैदल समत्व भवन तक पहुंचा। कार्यक्रम में खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग, राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कृष्णा गौर, वरिष्ठ विधायक एवं अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, विधायक रामेश्वर शर्मा, भगवानदास सबनानी, सांसद आलोक शर्मा, महापौर मालती राय सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।



**देशभक्ति के नारों के बीच निकली यात्रा :** तिरंगा यात्रा में बड़ी संख्या में स्कूली विद्यार्थी, एनसीसी कैडेट्स, स्वयंसेवी संगठनों के सदस्य, वरिष्ठ नागरिक, व्यापारी और स्थानीय नागरिक शामिल हुए। यात्रा टीटी नगर स्टेडियम से महाराणा प्रताप लोक, टीन शेड, सांदीपनि विद्यालय होते हुए आगे बढ़ी। इसके बाद मुख्यमंत्री मोटरसाइकिल पर तिरंगा लेकर न्यू मार्केट, रोशनपुरा, पॉलिटेक्निक चौराहा होते हुए मुख्यमंत्री निवास पहुंचे।

रास्ते में विभिन्न स्थानों पर व्यापारिक संगठनों और संस्थाओं की ओर से देशभक्ति धुनों के बीच मुख्यमंत्री का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया।

**14 अगस्त तक चलेगा अभियान :** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 9 अगस्त का दिन भारत छोड़ो आंदोलन की शुरुआत का ऐतिहासिक दिन है। स्वतंत्रता सेनानियों के संघर्ष और बलिदान के कारण ही देश को आजादी मिली। 'हर घर तिरंगा अभियान' उनके योगदान को याद करने का अवसर है। उन्होंने प्रदेशवासियों से अपने घरों पर तिरंगा लगाने का आह्वान करते हुए कहा कि यह अभियान 9 अगस्त से 14 अगस्त तक चलेगा। इस दौरान प्रदेश के गांवों, वार्डों, कस्बों और राजधानी में तिरंगा यात्राओं सहित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

**युवाओं और सभी वर्गों से भागीदारी की अपील :** मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत अपनी क्षमता के साथ आगे बढ़ रहा है। उन्होंने प्रदेशवासियों से बच्चों, युवाओं, महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों सहित सभी वर्गों को तिरंगा अभियान में उत्साह के साथ शामिल होने की अपील की।

उन्होंने कहा कि देश की सुरक्षा और सेवा के लिए सभी को अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करना चाहिए।

**भोपाल को मिली कोलकाता और पटना से एयर कनेक्टिविटी :** मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में बढ़ती एयर कनेक्टिविटी विकास को नया आयाम दे रही है। भोपाल को अब कोलकाता और पटना से हवाई सेवा के माध्यम से जोड़ा जा रहा है। एक फ्लाइट भोपाल से रीवा होते हुए कोलकाता जाएगी, जबकि दूसरी फ्लाइट भोपाल को सीधे पटना से जोड़ेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में भविष्य में करीब 10 नए एयरपोर्ट विकसित करने की दिशा में सरकार कार्य कर रही है।

## विश्व आदिवासी दिवस पर अजाक्स कार्यालय में विचार गोष्ठी व आदिवासी सम्मान समारोह, अतिथियों ने किया पौधारोपण

**ग्वालियर जीएनएस**

विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर मेला ग्राउंड के सामने 27-ए स्थित अजाक्स कार्यालय में रविवार को 'जल, जंगल, जमीन एवं प्रकृति के संरक्षण में आदिवासी समाज की भूमिका' विषय पर विचार गोष्ठी एवं आदिवासी सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर एवं महापुरुषों के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीन डॉ. राजेश गौर ने कहा कि जल, जंगल, जमीन और प्रकृति संपूर्ण राष्ट्र की धरोहर है। प्रकृति का संरक्षण प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। पूर्व न्यायाधीश आरपी कतरोलिया ने कहा कि केवल पौधारोपण करना पर्याप्त नहीं है, लगाए गए पौधों का संरक्षण और पालन-पोषण करना भी प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि प्रकृति के पूजक आदिवासी समाज के



अधिकारों की रक्षा करना सभी की जिम्मेदारी है। संभागीय संरक्षक शांतिप्रकाश राजौरिया ने संगठन को मजबूत करने के लिए अनुशासन प्रशिक्षण शिविर आयोजित करने की बात कही। कार्यवाहक जिलाध्यक्ष अतर सिंह जाटव ने कहा कि स्वस्थ जीवन जीने की प्रेरणा आदिवासी समाज से ली जा सकती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता इंजी. केबी दोहरे ने की। मंच पर प्रांतीय सचिव होतम मौर्य, शैलेन्द्र प्रताप सिंह, संभागीय संरक्षक शांतिप्रकाश राजौरिया, डिवीजनल अकाउंटेंट डीएल मीणा, महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष अंजना तिर्की एवं कार्यवाहक जिलाध्यक्ष अतर सिंह जाटव मौजूद रहे।

संचालन अतर सिंह जाटव ने किया, जबकि आभार वरिष्ठ उपाध्यक्ष एनडी मौर्य ने व्यक्त किया। समारोह में आदिवासी समाज के वरिष्ठ समाजसेवियों को प्रशस्ति-पत्र, शॉल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। वहीं विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर अतिथियों और पदाधिकारियों ने अजाक्स कार्यालय परिसर में पौधारोपण किया। इस दौरान लगाए गए पौधों के संरक्षण का संकल्प भी लिया गया। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष युवा छात्र ममता जामरा, लक्ष्मीनारायण जाटव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष एनडी मौर्य, उपाध्यक्ष वीरेंद्र जयंत, डॉ. नवीन नागर, ओपी सिंह, झड़ा सिंह गोयल, एलएन बौद्ध, सुमन खरे, दिनेश लोहिया, जीएस गौतम, जिला सचिव राजेंद्र पक्षवार, कोषाध्यक्ष मनीराम काटोरिया, राजेंद्र बरैया, एमडी चंदेल, दर्शन सिंह, रामेश्वर इमले, अरविंद चौरसिया, सीएल शाक्या, डॉ. मोतीलाल यादव सहित अन्य पदाधिकारी एवं समाजजन उपस्थित रहे।

## गुरु वंदन एवं छात्र अभिनंदन कार्यक्रम में प्रतिभाओं का सम्मान



**ग्वालियर जीएनएस**

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय थाटीपुर में भारत विकास परिषद ग्वालियर नगर शाखा तानसेन नगर की ओर से गुरु वंदन एवं छात्र अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर संस्था प्राचार्य राजीव कुमार बंथरिया और भारत विकास परिषद के उपाध्यक्ष राम रतन गर्ग ने पूजन किया। कार्यक्रम में संस्था प्राचार्य राजीव कुमार बंथरिया ने भारत विकास परिषद के पदाधिकारियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया। शाखा उपाध्यक्ष राम रतन गर्ग ने गुरु वंदन करते हुए कहा कि गुरु विद्यार्थियों के जीवन निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने नारी शक्ति की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महिलाएं घर और बाहर दोनों क्षेत्रों में अपनी जिम्मेदारियों का कुशलतापूर्वक निर्वहन करते हुए बच्चों को संस्कारवान बनाने में अहम योगदान देती हैं।

### दतिया विधायक ने सम्मान समारोह में जताया आभार, बोले- जीतू पटवारी ने मेरे नाम को ब्रांड बनाकर लड़ा चुनाव

# कांग्रेस के एक-एक कार्यकर्ता का आभारी हूं : घनश्याम सिंह

**दतिया जीएनएस**

दतिया विधानसभा उपचुनाव में मिली जीत के बाद नवनिर्वाचित विधायक घनश्याम सिंह ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि चुनाव में कांग्रेस के प्रत्येक कार्यकर्ता ने समर्पण भाव से काम किया, जिसके लिए वे सभी के हृदय से आभारी हैं।

दतिया मोटल पर महिला कांग्रेस की प्रदेश महासचिव रचना शेर सिंह की ओर से आयोजित सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए विधायक घनश्याम सिंह ने कहा कि सबसे अधिक धन्यवाद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी का है, जिन्होंने उनके नाम को ब्रांड बनाकर पूरा चुनाव लड़ा और परिणाम को जीत में बदल दिया। उन्होंने निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन का भी आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में मध्यप्रदेश कांग्रेस के नवनियुक्त प्रदेश महासचिव अवधेश नायक का भी स्वागत एवं सम्मान किया गया।



आयोजकों ने विधायक घनश्याम सिंह और अवधेश नायक का शॉल ओढ़ाकर, श्रीफल भेंट कर एवं पुष्पमालाओं से अभिनंदन किया। इस अवसर पर पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष रामकिंकर गुर्जर, प्रदेश प्रवक्ता अंबिका शर्मा, सीएल बौद्ध, स्वामी शरण कुशवाहा, शहर ब्लॉक अध्यक्ष अजय शुक्ला, सेवादल अध्यक्ष मोहन सिंह कुशवाहा, संगठन मंत्री नरेंद्र सिंह गुर्जर सहित अन्य कांग्रेस पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रदीप अहिरवार ने किया, जबकि आभार रचना शेर सिंह ने व्यक्त किया।

**रिटायर्ड टीआई शेर सिंह ने ली कांग्रेस की सदस्यता :** सम्मान समारोह के दौरान पूर्व थाना प्रभारी (टीआई) शेर सिंह ने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। विधायक घनश्याम सिंह और प्रदेश महासचिव अवधेश नायक ने फूलमाला पहनाकर उनका स्वागत किया।

इस अवसर पर शेर सिंह ने कहा कि वे कांग्रेस की विचारधारा से प्रभावित होकर पार्टी से जुड़े हैं। प्रदेश नेतृत्व की ओर से जहां भी जिम्मेदारी दी जाएगी, उसे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाएंगे। उन्होंने कांग्रेस संगठन को मजबूत करने का संकल्प भी व्यक्त किया।

दैनिक श्रमसाधना
www.shramsadhnanews.com
ग्वालियर शिवपुरी से प्रकाशित



### रमौआ क्षेत्र में करेंगे 7000 पौधों का रोपण

# हरियाली से किया ईको हेरिटेज हिल का श्रृंगार ताल वाले हनुमान मंदिर पर रोपे 2500 पौधे

**ग्वालियर, जीएनएस।**
ईको हेरिटेज हिल, ताल वाले हनुमान मंदिर के पास आज शनिवार को नगर निगम ग्वालियर द्वारा वृहदस्तर पर जन सहयोग से पौधरोपण कर ईको हेरिटेज हिल का हरियाली से श्रृंगार किया। इस अभियान में नगर निगम के साथ बड़ी संख्या में आमजनों ने भी सहयोग किया। सुबह बड़ी संख्या में नगर निगम के अधिकारी, कर्मचारी, एवं आमजन ताल वाले हनुमान मंदिर पहुंचे वहां पर सभी ने एक पौधा मां के नाम अभियान के तहत 2500 पौधों का रोपण किया। नगर निगम अब रमौआ बांध पर बन रहे ई बस स्टैण्ड एवं प्रस्तावित डब्ल्यूटीपी के पीछे स्थित फॉरेस्ट की जमीन पर 7000 पौधों का रोपण करेगा।

उपायुक्त श्री मुकेश बंसल ने बताया कि निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय के निर्देशन में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत नगर निगम द्वारा पौधरोपण अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत शनिवार को कलेक्ट्रेट पहाड़ी के पीछे स्थित ईको हेरिटेज हिल,



तालवाले हनुमान मंदिर पर आज सुबह 8 बजे पौधरोपण अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत मंदिर परिसर क्षेत्र में पूर्व से पौधरोपण के लिए नगर निगम द्वारा गड्ढे कराए गए थे। शनिवार को अपर आयुक्त श्री प्रदीप तोमर, पार्क अधीक्षक श्री शैलेंद्र सिंह चौहान, सहायक खेल अधिकारी सुश्री विजेता सिंह , स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर श्री पवन दीक्षित एवं श्री प्रमोद धनेले सहित मदाखलत एवं पार्क विभाग सहित आईसीई टीम के सदस्य , आमजन बड़ी संख्या में ताल वाले हनुमान मंदिर पहुंचे। वहां पर सभी ने छायादार एवं फलदार पौधों का रोपण किया। इन पौधों की देखभाल का जिम्मा मंदिर परिसर एवं नगर निगम के पार्क विभाग ने लिया है। जिससे पौधे बड़े होकर वृक्ष का रूप ले सकें।

पार्क के नोडल अधिकारी श्री मुकेश बंसल ने बताया कि रमौआ बांध के पीछे फॉरेस्ट की जमीन है, जहां पर नगर निगम द्वारा 7000 पौधों का जल्द ही रोपण किया जाएगा। फॉरेस्ट क्षेत्र में होने के कारण यहां पर पौधों की रक्षा हो सकेगी। इस पौधरोपण अभियान में शासकीय विभागों एवं आमजनों का सहयोग लिया जाएगा।

# सीईओ जिला पंचायत ने किया विकास कार्यों का किया निरीक्षण

**श्योपुर, जीएनएस।**
मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान अन्तर्गत मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्योपुर श्रीमती सौम्या आनंद ने ग्राम पंचायत गलमान्या, लुहाड़ सहित अन्य ग्रामों का भ्रमण कर विभिन्न विकास एवं निर्माण कार्यों का जायजा लिया तथा शैक्षणिक संस्थाओं, आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का आंकलन किया गया।

सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद ने ग्राम पंचायत गलमान्या के ग्राम मुंडला स्थित श्मशान घाट का निरीक्षण कर उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का अवलोकन किया तथा साफ सफाई एवं व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के निर्देश दिए। इसके पश्चात निर्माणाधीन सामुदायिक भवन का निरीक्षण कर कार्य की गुणवत्ता, तकनीकी मापदंडों एवं स्वीकृत प्राक्कलन के अनुरूप निर्माण सुनिश्चित करने तथा शीघ्रता से कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

उन्होंने ग्राम मुंडला में बालाजी मंदिर के समीप स्थित कुंड एवं हैंडपंप का निरीक्षण किया। ग्रामीणों द्वारा जलापूर्ति संबंधी समस्याओं से अवगत कराने पर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। पुराने सामुदायिक भवन का अवलोकन कर उसकी मरम्मत कराने के लिए सरपंच एवं सचिव को निर्देशित किया। साथ ही जनपद पंचायत मद से निर्मित छोटे सामुदायिक भवन के संचालन में निर्धारित शुल्क



लिए जाने, ग्राम में नियमित स्वच्छता बनाए रखने तथा राजस्व वसूली के कार्यों में प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

मुंडला के प्राथमिक शाला के निरीक्षण के दौरान विद्यालय में दर्ज 63 विद्यार्थियों में से 20 विद्यार्थी उपस्थित पाये जाने पर विद्यार्थियों की उपस्थित बढाये जाने के निर्देश दिये गये। विद्यालय भवन की छत से पानी टपकने की समस्या पर शीघ्र मरम्मत कराने के निर्देश दिए गए। मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता का निरीक्षण किया गया, जिसमें चना दाल, मूंग एवं रोटी परोसी जा रही थी।

बच्चों से संवाद कर उनकी पढ़ाई की जानकारी ली तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। विद्यालय तक जाने वाले मार्ग को सुगम बनाने हेतु स्वीकृत सीसी सड़क का कार्य शीघ्र कराने के निर्देश भी दिए गए। सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद ने आंगनबाडी के निरीक्षण के दौरान ने पोषण ट्रैकर, आवश्यक दवाओं, आयुष्मान एवं अन्य अभिलेखों का अवलोकन किया तथा भोजन की गुणवत्ता संतोषजनक नहीं पाए जाने पर सुधार के निर्देश दिए। ग्राम गलमान्या के प्राथमिक विद्यालय का भी निरीक्षण किया गया, जहां दर्ज 51 विद्यार्थियों में से 37 विद्यार्थी उपस्थित मिले। ऑनलाइन उपस्थिति का सत्यापन किया गया तथा बच्चों से संवाद कर उनकी शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी ली। एक श्रवण बाधित दिव्यांग छात्र के संबंध में उसे श्योपुर स्थित दिव्यांग विद्यालय में प्रवेश दिलाने की कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। विद्यालय के पुस्तक वितरण, रसोईघर एवं मध्यान्ह भोजन व्यवस्था का निरीक्षण कर विद्यार्थियों की उपस्थिति बढ़ाने तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। विद्यालय परिसर की साफ-सफाई के लिए भी सरपंच को निर्देशित किया गया। ग्राम पंचायत गलमान्या के पंचायत भवन में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र का भी निरीक्षण किया गया तथा ग्राम में मनोहर के मकान के सामने एमपीआरडीसी द्वारा निर्मित पुलिया का निरीक्षण किया।

### श्योपुर को जानो प्रतियोगिता में तीन टीमे रही विजेता

# पर्यटन क्विज के साथ ही, श्योपुर को जानो का आयोजन

**श्योपुर, जीएनएस।**
कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा के मार्गदर्शन में मध्य प्रदेश पर्यटन बोर्ड के तत्वाधान में जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद के सहयोग से जिला स्तरीय पर्यटन क्विज प्रतियोगिता का आयोजन आज शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज श्योपुर में संपन्न हुआ। इस अवसर पर क्रियेटिव श्योपुर की संकल्पना पर आधारित श्योपुर को जानो जिला स्तरीय प्रतियोगिता भी आयोजित हुई। शुभारंभ एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम के दौरान अपर कलेक्टर तथा अध्यक्ष जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद श्री रूपेश उपाध्याय, डिप्टी कलेक्टर श्री पवन धुरैया एवं श्री शिवलाल शाक्य पर्यटन बोर्ड के प्रतिनिधि श्री मोनू शर्मा, नोडल अधिकारी श्री सुशील दुबे एवं श्री नंदबिहारी शर्मा आदि मौजूद रहें। प्रतियोगिता में 69 स्कूलों की 69 टीमें शामिल हुई।

पर्यटन क्विज प्रतियोगिता अंतर्गत प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक आयोजित हुई लिखित प्रतियोगिता में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली 6 टीमों को दोपहर 2.30 बजे से मल्टीमीडिया क्विज के लिए आमंत्रित किया गया, जिसमे से तीन टीमे विजेता एवं तीन टीमे उप विजेता घोषित की गई। प्रतियोगिता में शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विजयपुर (अमित कुशवाह, गोलू प्रजापति), अशासकीय सेंटपायस उच्चतर माध्यमिक विद्यालय श्योपुर (हरगुन, प्रखर गर्ग, भाग्यश्री गोयल) एवं शासकीय आवासीय विद्यालय ढेगदा (संजय पटेलिया, राकेश पाटेलिया, सरवन सहरिया) की टीमे विजेता रहीं, जबकि अशासकीय फ्यूचर स्टार कॉन्वेट स्कूल श्योपुर (रिषभ त्यागी, आशीष राठौर, राधा राठौर), शासकीय उत्कृष्ट उमावि श्योपुर(चेतना गुर्जर, तरूण नामा, पूनम नागर) एवं शासकीय उमावि ढोढर (रामगोपाल रावत, नैतिक गुप्ता, तनिष्का गोयल) की टीमे उप विजेता रहीं।

इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री रूपेश उपाध्याय द्वारा विजेता और उपविजेता प्रतिभागियों को माल्यार्पण कर उन्हें मेडल, कूपन एवं प्रमाण पत्र प्रदान किये।

प्रथम तीन विजेता टीमो को मध्य प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम के होटलों में 02 रात्रि 03 दिन तथा शेष 03 उपविजेता टीमो को 01 रात्रि 02 दिन ठहरने एवं पर्यटन स्थल घूमने के लिए निशुल्क कूपन पुरस्कार के रूप में प्रदाय किये गये।

# एमएसएमई प्रोत्साहन योजना अंतर्गत औद्योगिक इकाईयां स्थापित करायें-डीएम

**श्योपुर, जीएनएस।**
कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा द्वारा आज शुक्रवार को बडौदा रोड स्थित श्रीजी वायर नेटिंग एवं आशीष वायर नेटिंग के अवलोकन के दौरान जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के अधिकारियों को निर्देश दिये कि पूर्व से संचालित इकाईयों को एमएसएमई प्रोत्साहन योजना अंतर्गत लाभ दिलाया जायें, इसके साथ ही नवीन औद्योगिक इकाईयों की स्थापना के लिए प्रयास किये जायें। उन्होने कहा कि श्योपुर जिले में उपलब्ध संसाधनों के अनुरूप औद्योगिक इकाईयों की स्थापना की परियोजनाएं तैयार की जायें।

वायर नेटिंग इंडस्ट्रिज के अवलोकन के दौरान सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद, एसडीएम श्योपुर श्री गगन सिंह मीणा, कराहल श्री बीएस श्रीवास्तव, सहायक संचालक एमएसएमई श्री शुभम अग्निहोत्री एवं श्री नवल किशोर, उद्यमी श्री हेमंत गोयल भी उपस्थित थे।

# हॉकर्स जोन में सीएनडी मटेरियल डंप किया तो 2500 का जुर्माना

**ग्वालियर, जीएनएस।**
शहर में सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलाने और कचरा डंप करने वालों के खिलाफ नगर निगम द्वारा लगातार जुर्माने की कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में शनिवार को गंदगी करने वाले लोगों के खिलाफ 6000 रुपये जुर्माने की कार्रवाई की गई।

नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय एवं अपर आयुक्त श्री टी प्रतीक राव के निर्देश पर शनिवार को स्वच्छता टास्क फोर्स की टीम ने हॉकर्स जोन और शिंदे की छावनी क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए कुल 6 हजार रुपए का जुर्माना वसूला। निगम की टीम ने मौके पर ही संबंधित लोगों को सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी नहीं करने और डस्टबिन रखने की हिदायत भी दी।

वार्ड क्रमांक 33 स्थित हॉकर्स जोन के सार्वजनिक स्थल पर सीएनडी (कंस्ट्रक्शन एंड डिमोलिशन) मटेरियल डंप किए जाने की शिकायत पर टीम मौके पर पहुंची। यहां सार्वजनिक स्थान पर निर्माण एवं विध्वंस सामग्री डालने पर



संबंधित के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 2500 रुपए का जुर्माना किया गया।

**डस्टबिन नहीं रखने पर ठेले वालों पर कार्रवाई**

शिंदे की छावनी क्षेत्र में ठेले वालों द्वारा गंदगी फैलाने और कचरा रखने के लिए डस्टबिन की व्यवस्था नहीं किए जाने पर निगम की टीम ने कार्रवाई की। इस दौरान संबंधित ठेले वालों से 3500 रुपए का जुर्माना वसूला गया। दोनों स्थानों पर की गई कार्रवाई में कुल 6000 रुपए का जुर्माना हुआ। कार्रवाई स्वच्छता टास्क फोर्स प्रभारी सोनू दोदेरिया के निर्देश पर की गई। टीम में वार्ड 33 के मिथुन राणा, टास्क फोर्स सदस्य भीकाराम, करण टांक, मनोज भारती, धीरज धौलपुरिया, नंदेश करोसिया, प्रदीपराज चौहान तथा आईईसी टीम के सदस्य अमित सिकरवार और संध्या दीक्षित मौजूद रहे।

इसके साथ ही जोन 17 वार्ड 38 स्वास्थ्य अधिकारी श्री किशोर चौहान, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी श्री धर्मेंद्र परमार द्वारा गंदगी फैलाने वाले दुकानदार पर 500 रूपए का जुर्माना किया। जिसमें जेड एच ओ श्री राजेंद्र करोसिया , डब्लू एच ओ, ए डब्लू एच ओ श्री अनिल जादौ आदि उपस्थित रहे।

# भारतीय जनता युवा मोर्चा ग्वालियर महानगर का हर कार्यकर्ता अपने आप को जिला अध्यक्ष समझे : शिवम रानू राजावत

**ग्वालियर, जीएनएस।**
भारतीय जनता युवा मोर्चा ग्वालियर महानगर का हर कार्यकर्ता अपने आप को जिला अध्यक्ष समझे। पार्टी के वरिष्ठ नेतृत्व का आभार जिन्होंने मुझे जिले के युवाओं का नेतृत्व करने का मौका दिया। अब हम सब युवाओं की जिम्मेदारी है कि पार्टी की मंशा अनुसार दिए कार्यक्रम, सरकार की जनहितकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाये। यह बात नवनियुक्त भाजयुमो जिला अध्यक्ष शिवम रानू राजावत ने शुक्रवार को राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय ग्वालियर के दत्तोपन्त ठेंगड़ी सभागार में पदभार ग्रहण समारोह एवं युवा संवाद कार्यक्रम में कही। श्री राजावत ने कहा आगामी नगर निगम ग्वालियर के सभी 66 वार्ड, तीनों विधानसभा और लोकसभा चुनाव में विजयश्री प्राप्त करना है युवा मोर्चा का लक्ष्य है। और आज से ही लक्ष्य प्राप्ति के लिए तन-मन-धन से लग जाये। श्री राजावत ने कहा हमें समाज में चल रही नकारात्मकता और सकारात्मकता को पहचानना है। और अपनी बुद्धिमता के बल पर नकारात्मकता का संकुचन कर सकारात्मकता का प्रसार करना है।

निवर्तमान भाजयुमो जिला अध्यक्ष प्रतीक तिवारी ने कहा मुझे पार्टी ने 4 साल 4 महीनें युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष के तौर पर युवाओं का नेतृत्व करने का मौका दिया उसके लिए आजीवन आभारी रहूंगा। मेरी कार्यकारणी में रहे पदाधिकारी प्रदेश और जिले के पदाधिकारी है। यह मेरे लिए प्रसन्नता का विषय है। क्योंकि युवा मोर्चा ही नेतृत्वकर्ता गढ़ता है जिसमें मैं सफल रहा। श्री तिवारी ने कहा आज का युवा मोर्चा का

**आगामी नगर निगम ग्वालियर के सभी 66 वार्ड, तीनों विधानसभा और लोकसभा चुनाव में प्रचंड बहुमत से विजयश्री प्राप्त करना है युवा मोर्चा का लक्ष्य**



कार्यकर्ता कल का नेता है जो देश-प्रदेश की दिशा और दशा बदलने का काम करेगा। श्री तिवारी ने युवाओं से आव्हान करते हुए कहा कहा ÷सूत्रपात नवयुग बेला का, संवाहक हम सभी बनें। कठिन परिश्रम और लगन से,नवयुग की पहचान बनें। भाजपा जिला प्रभारी गोपीकृष्ण नेमा ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज युवा मोर्चा के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष शिवम रानू राजावत ने आप सभी को जिला अध्यक्ष माना है इसीलिए आप सभी की साख लगी है कि आप पार्टी को हर मोर्चे पर विजय श्री दिलाये। उन्होंने कहा ÷जब बाप का जूता बेटे को बनने लगे तो उसको दुकान की चाबी थमा देनी चाहिए।÷ ऐसी कहावत हमारे इंदौर में प्रचलित है और आज शिवम रानू राजावत को हमने युवाओं की चाबी थमा दी है। अब इस दुकान को अच्छे से चलाना है और मुझे पूरी उम्मीद है कि आप अपनी जिम्मेदारियां में सफल होंगे।

जिला अध्यक्ष जयप्रकाश राजौरिया ने संबोधित करते हुए कहा युवा मोर्चा का जिला अध्यक्ष पद फूल मालाओं का नहीं काटों का हार है। और इन काटों में हमें फूल बन कर उभरना है यही हमारी सफलता है। आगामी तिरंगा यात्रा, विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस, 15 अगस्त सहित अन्य कार्यक्रम पार्टी ने दिए है। जिन्हें आप युवा मोर्चा के कार्यकर्ता का सफल बनाने है। आज जिस बढ़ी संख्या में युवा सभागार और सभागार के बाहर उपस्थित है इससे यह तो स्पष्ट हो गया। आज का युवा जागृत है वह देश विरोधियों के नहीं देश प्रेमियों के साथ है। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष अभय चौधरी, पूर्व जिला अध्यक्ष कमल माखीजानी, साडा अध्यक्ष अशोक शर्मा, ग्वालियर विकास प्राधिकरण अध्यक्ष मधुसूदन भदौरिया, जिला महामंत्री जवाहर प्रजापति, जिला महामंत्री धर्मेंद्र बिट्टू तोमर, जिला महामंत्री राजू पलैया, युवा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक विष्णु राजावत, युवा मोर्चा प्रदेश मंत्री राहुल धमोले, युवा मोर्चा प्रदेश सह सोशल मीडिया प्रभारी रमाकांत शर्मा, युवा मोर्चा प्रदेश सह आईटी प्रभारी राजकुमार यादव सहित हजारों की संख्या में युवा मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

## ईको हेरिटेज हिल पर आज रोपे जाएंगे बडी संख्या में पौधे

**ग्वालियर।** एक पेड मां के नाम अभियान के तहत शनिवार को जिला पंजीयक कार्यालय के पास ताल वाले हनुमान मंदिर के पीछे स्थित ईको हेरिटेज हिल पर वृहद पौधरोपण किया जाएगा। यह पौधरोपण आमजनों के सहयोग से किया जाएगा। नोडल अधिकारी पार्क श्री मुकेश बंसल ने बताया कि नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय के निर्देशन में शहर में वृहद स्तर पर पौधारोपण अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में कल दिनांक 8 अगस्त 2026 शनिवार को प्रातः 8 बजे से आमजनों, सामाजिक संस्था, छात्र आदि के सहयोग से नगर निगम द्वारा बडी संख्या में पौधे रोपे जाएंगे। जो आमजन इस पौधरोपण में भाग लेना चाहते हैं, वह सुबह 8 बजे हेरिटेज हिल पर आकर पर्यावरण संरक्षण के सहभागी बनें।

## मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत शहर में अधिकारियों ने आमजन से किया संवाद

**ग्वालियर, जीएनएस।**
मुख्यमंत्री जन विश्वास के अंतर्गत नगर निगम ग्वालियर के सभी वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा अपने अपने क्षेत्र में भ्रमण कर आमजनों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ संवाद किया गया तथा विभिन्न समस्याओं के निराकरण के लिए आवश्यक कार्यवाही की गई। इसी के साथ ही शहर के अनेक क्षेत्रों में पर्यावरण संरक्षण हेतु पौधारोपण किया गया तथा स्वच्छता अभियान के साथ आमजनों को सफाई का संदेष दिया गया।

मुख्यमंत्री जन विश्वास के अंतर्गत मानपुर प्रधानमंत्री आवास योजना स्थल पर किए जा रहे विकास कार्यों एवं ग्रीन बेल्ट क्षेत्र तथा बरा पार्क का निरीक्षण किया



तथा पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर अपर आयुक्त श्री प्रदीप तोमर, कार्यपालन यंत्री श्री पवन शर्मा, नोडल अधिकारी श्री मनीष यादव सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान अंतर्गत क्षेत्रीय कार्यालय 20 के अंतर्गत वार्ड 51 एवं 53 में स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया और आमजन को स्वच्छता का संदेश दिया गया। साथ ही क्षेत्र के अंतर्गत जनसुनवाई की शिकायत का निराकरण क्षेत्राधिकारी श्री कपिल पटेल द्वारा कराया गया। साथ ही वार्ड 3 के अंतर्गत नाला सफाई से संबंधित शिकायतों का निराकरण कराया गया।



## संभागीय आयुक्त श्री खत्री ने किया मॉडल स्कूल मुंगावली का निरीक्षण

**ग्वालियर, जीएनएस।**
संभागीय आयुक्त श्री मनोज खत्री ने शुक्रवार को संभाग के अशोकनगर जिले की जनपद पंचायत मुंगावली की ग्राम पंचायत बीडसरकार में आयोजित मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान शिविर में भाग लिया। इसके बाद शासकीय मॉडल हायर सेकेन्ड्री स्कूल मुंगावली का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने छात्रवृत्ति, नामांकन, अपार आईडी, साइकिल ,प्रयोगशाला ,एवं अन्य शैक्षणिक योजनाओं की जानकारी ली। साथ ही विद्यार्थियों से संवाद कर शिक्षा व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती मधु शर्मा , विकासखंड शिक्षा अधिकारी मुंगावली, विद्यालय प्राचार्य सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा ।

## डेंगू ,मलेरिया से बचाव के लिए आस पास न इकट्ठा होने दे पानी

**ग्वालियर, जीएनएस।**
नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय के निर्देशानुसार शहर में डेंगू, चिकुनगुनियां से बचाव व नियंत्रण हेतु एडवाइजरी जारी की है। नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय के निर्देषानुसार जारी एडवाइजरी अनुसार मौसम में बदलाव होने से मच्छर जनित बीमारियां जैसे डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया के मरीजों बढ़ सकते हैं। इसलिए आमजन को जागरूक करने के लिए एडवाइजरी जारी की गई है। जिसमें डेंगू व विकुनगुनियां एडीज नामक मच्छर के काटने से फैलने वाली बीमारी है। यह मच्छर हमारे घर व आसपास साफ एवं रुके पानी में ही पनपता है। डेंगू का मच्छर सामान्यतः दिन में काटता है। हमारे घर, एवं आसपास खुले हुये पानी से भरे जलपात्रों जैसे टंकी, टायर, गमले, कूलर, दिया, छत मे भरा पानी, मटके, पाइप, गढबें, मनी प्लांट के पॉट, प्लास्टिक की बोटल, कप, गिलास, टूटा फुटा सामान, खिलौने, कनस्तर व अन्य सामान में भरे पानी में मच्छर अंडे देते हैं, इनसे लार्वा निकलता है जोकि प्यूपा अवस्था में बदलकर कुछ दिन में मच्छर बन जाता है। इस प्रकार 7 से 12 दिवस के भीतर मच्छर अपनी उत्पत्ति चक साफ व रुके पानी में पूर्ण करते हैं। अतः इनकी रोकथाम के लिये ऐसे समस्त जल पात्रों में भर पानी शीघ्र खाली करें व नियमित रूप से 7 दिवस के भीतर जलपात्रों में भरा पानी खाली करें।

किसी डेंगू से पीड़ित मरीज को काटने पर एडीज मच्छर संक्रमित होकर स्वस्थ्य व्यक्ति में डेंगू बीमारी फैलाते है। डेंगू संक्रमित व्यक्ति को प्रारंभिक लक्षण जैसे कमजोरी, तेज बुखार, सिर व हाथ पैर में दर्द जैसे लक्षण हो सकते हैं इसके पश्चात मरीज के शरीर, आंखों में रक्त के चकत्ते दिखना या नाक, मसूड़े, या अन्य स्थान से रक्तस्राव होने व उल्टी के लक्षण दिखायी देते है। उपचार में विलम्ब से बीमारी की गंभीरता में मरीज को चक्कर आना, मूर्छित होना, या साक में चले जाने की स्थिति बन सकती है।

भिण्ड-गोरमी के समाचार विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
महेश चौधरी
98267-36233



निष्पक्षता-विश्वसनीयता एवं जनहित का संवाहक
श्रमसाधना

# डिजिटल युग में सुरक्षा बनाम स्वतंत्रता : मेटा विवाद से बाल सुरक्षा और डिजिटल जवाबदेही तक नई बहस

डिजिटल क्रांति ने मानव जीवन के लगभग प्रत्येक क्षेत्र को प्रभावित किया है। संचार, व्यापार, शिक्षा, स्वास्थ्य, बैंकिंग और सामाजिक संपर्क से लेकर प्रशासनिक एवं न्यायिक प्रक्रियाओं तक डिजिटल माध्यमों की भूमिका लगातार बढ़ी है। अरबों लोग प्रतिदिन फेसबुक, इंस्टाग्राम और व्हाट्सऐप जैसे प्लेटफॉर्म का उपयोग कर रहे हैं। लेकिन डिजिटल सुविधाओं के विस्तार के साथ साइबर अपराध, भ्रामक सूचनाएं, डीपफेक, ऑनलाइन ठगी, डेटा गोपनीयता और बाल यौन शोषण सामग्री जैसी गंभीर चुनौतियां भी बढ़ी हैं। ऐसे में मूल प्रश्न यह है कि तकनीकी कंपनियां क्या केवल प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराने तक सीमित रह सकती हैं या अपने प्लेटफॉर्म पर होने वाली अवैध गतिविधियों को रोकने की नैतिक और कानूनी जिम्मेदारी भी उन्हें निभानी होगी। हाल के घटनाक्रमों ने इस बहस को और गंभीर बना दिया है।

**बाल सुरक्षा को लेकर नियामकों का कड़ा रुख :** 7 अगस्त 2026 को राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग द्वारा इस विषय में स्वतःसंज्ञान लेकर मेटा इंडिया तथा आठ राज्यों के पुलिस महानिदेशकों को नोटिस जारी किए जाने की बात सामने आई है। संबंधित राज्यों में दिल्ली, पंजाब, तेलंगाना, महाराष्ट्र, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, हरियाणा और बिहार शामिल बताए गए हैं। आयोग ने जांच के लिए 50 इंटरनेट लिंक कानून प्रवर्तन एजेंसियों और मेटा के साथ साझा किए हैं।

आयोग की चिंता का केंद्र डिजिटल प्लेटफॉर्म पर बाल यौन शोषण सामग्री की मौजूदगी है। ऐसी सामग्री बच्चों की गरिमा, निजता और उनके मूल अधिकारों का गंभीर उल्लंघन है। इस मामले में साइबर अपराध शाखाओं और विशेष किशोर पुलिस इकाइयों की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है। भारत में यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम, 2012 (पोक्सो) बच्चों को यौन अपराधों से सुरक्षा प्रदान करने वाला महत्वपूर्ण कानून है। इसकी धारा 19 के तहत संबंधित अपराध की जानकारी होने पर रिपोर्ट करने का दायित्व निर्धारित किया गया है। हालांकि, बाल यौन शोषण सामग्री से संबंधित प्रत्येक कानूनी स्थिति में कौन-सी धारा लागू होगी, यह मामले के तथ्यों और संबंधित कानून के प्रावधानों पर निर्भर करता है। इसलिए ऐसे मामलों में कानूनी प्रक्रिया और आरोपों का निर्धारण सक्षम जांच एजेंसी एवं न्यायालय द्वारा किया जाना आवश्यक है।

**डिजिटल प्लेटफॉर्म की जिम्मेदारी का सवाल :** यदि किसी डिजिटल मंच पर अवैध सामग्री लगातार उपलब्ध रहती है और उसके संबंध में शिकायत या सूचना मिलने के बाद भी प्रभावी कार्रवाई नहीं होती, तो प्लेटफॉर्म की जवाबदेही का प्रश्न उठना स्वाभाविक है। विशेष रूप से तब, जब सामग्री बच्चों के यौन शोषण से जुड़ी हो।

यहां केवल सामग्री हटाना ही पर्याप्त नहीं है। संदिग्ध सामग्री की सूचना कानून प्रवर्तन एजेंसियों को देना, डिजिटल साक्ष्यों को सुरक्षित रखना, अपराधियों की पहचान में सहयोग करना और कानून के अनुरूप जांच एजेंसियों के साथ समन्वय करना भी महत्वपूर्ण है।

डिजिटल अपराधों की प्रकृति ऐसी है कि उनका नेटवर्क कई राज्यों और कई बार कई देशों तक फैला हो सकता है। इसलिए साइबर फॉरेंसिक जांच, डिजिटल साक्ष्य का संरक्षण, आईपी एवं अन्य तकनीकी सूचनाओं का विश्लेषण तथा अंतरराष्ट्रीय सहयोग की भूमिका भी बढ़ जाती है।

**सुरक्षा व्यवस्था में कृत्रिम बुद्धिमत्ता की चुनौती :** डिजिटल प्लेटफॉर्म आज कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित सुरक्षा प्रणालियों का व्यापक उपयोग कर रहे हैं। इन प्रणालियों का उद्देश्य अवैध सामग्री, संदिग्ध गतिविधियों और साइबर खतरों की पहचान कर तत्काल कार्रवाई करना है। लेकिन स्वचालित प्रणालियों की अपनी सीमाएं भी हैं।

कई बार सुरक्षा प्रणाली संदिग्ध गतिविधि और सामान्य उपयोग के बीच सही अंतर नहीं कर पाती। परिणामस्वरूप निर्दोष उपयोगकर्ता का खाता अस्थायी रूप से प्रतिबंधित या समीक्षा के लिए भेजा जा सकता है। ऐसी परिस्थितियां डिजिटल सुरक्षा और नागरिक स्वतंत्रता के बीच संतुलन का प्रश्न खड़ा करती हैं।

इसलिए आवश्यक है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित मॉडरेशन व्यवस्था के साथ मानवीय समीक्षा की प्रभावी व्यवस्था भी हो। उपयोगकर्ताओं को स्पष्ट कारण बताने, अपील करने और शिकायत के शीघ्र समाधान का अधिकार मिलना चाहिए।

**सेफ हार्बर और प्लेटफॉर्म जवाबदेही :** सूचना प्रौद्योगिकी कानून के अंतर्गत मध्यस्थों को उपलब्ध सेफ हार्बर संरक्षण भी इस बहस का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसका मूल उद्देश्य यह है कि मध्यस्थ प्लेटफॉर्म पर उपयोगकर्ताओं द्वारा अपलोड की गई प्रत्येक सामग्री के लिए स्वतः जिम्मेदार न ठहराए जाएं, बशर्ते वे कानून में निर्धारित शर्तों का पालन करें। लेकिन यदि कोई प्लेटफॉर्म कानून के तहत निर्धारित दायित्वों का पालन नहीं करता या वैध सरकारी निर्देशों की लगातार अनदेखी करता है, तो उसके दायित्व और कानूनी संरक्षण पर सवाल उठना स्वाभाविक है। इसी कारण डिजिटल प्लेटफॉर्म की पारदर्शिता, कंटेंट मॉडरेशन, विज्ञापनदाताओं के सत्यापन, शिकायत निवारण और एल्गोरिदमिक जवाबदेही जैसे विषय भविष्य की डिजिटल नीति के केंद्र में आते जा रहे हैं।

**विज्ञापन प्रणाली भी जांच के दायरे में :** सोशल मीडिया पर फर्जी विज्ञापन, संदिग्ध प्रचार और अवैध सामग्री तक पहुंच बनाने के लिए विज्ञापन प्रणालियों के दुरुपयोग की शिकायतें भी सामने आती रही हैं। यदि कोई आपराधिक नेटवर्क डिजिटल विज्ञापन व्यवस्था का संगठित तरीके से दुरुपयोग करता है, तो इसे केवल तकनीकी कमजोरी मानना पर्याप्त नहीं होगा। डिजिटल विज्ञापन से होने वाला आर्थिक लाभ सार्वजनिक सुरक्षा और सामाजिक उत्तरदायित्व से ऊपर नहीं हो सकता। इसलिए विज्ञापनदाताओं का सत्यापन, संदिग्ध विज्ञापनों की निगरानी और शिकायत मिलने पर त्वरित कार्रवाई महत्वपूर्ण है।

**दुनिया भर में बढ़ रही डिजिटल जवाबदेही :** डिजिटल प्लेटफॉर्म की जवाबदेही केवल भारत तक सीमित मुद्दा नहीं है। यूरोपीय संघ का डिजिटल सर्विसेज एक्ट, ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया के ऑनलाइन सुरक्षा संबंधी कानून तथा अमेरिका में बड़ी तकनीकी कंपनियों पर बढ़ती नियामकीय और संसदीय निगरानी इस बात का संकेत है कि वैश्विक स्तर पर तकनीकी कंपनियों से अधिक पारदर्शिता और जवाबदेही की अपेक्षा की जा रही है। अब यह सोच बदल रही है कि तकनीकी कंपनियां केवल मध्यस्थ हैं और उनके प्लेटफॉर्म पर होने वाली प्रत्येक गतिविधि से वे पूरी तरह अलग हैं। तकनीकी शक्ति जितनी बढ़ रही है, उसके साथ सामाजिक और कानूनी उत्तरदायित्व की अपेक्षा भी बढ़ रही है।

**सुरक्षा के नाम पर स्वतंत्रता प्रभावित न हो :** हालांकि डिजिटल सुरक्षा के नाम पर अत्यधिक नियंत्रण भी उचित नहीं होगा। यदि स्वचालित प्रणालियां बिना पर्याप्त मानवीय समीक्षा के काम करें तो वैध सामग्री हटने, गलत खातों पर कार्रवाई होने और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता प्रभावित होने का खतरा रहता है।

## संपादकीय

### महिला उद्यमियों की सफलता की नई कहानी

एक समय था जब व्यवसाय और उद्यमिता को मुख्यतः पुरुषों का क्षेत्र माना जाता था। महिलाओं की भूमिका को घर-परिवार तक सीमित समझा जाता था। लेकिन आज का भारत एक नई कहानी लिख रहा है। महिलाएँ न केवल शिक्षा, विज्ञान, तकनीक और प्रशासन में अपनी पहचान बना रही हैं, बल्कि उद्यमिता के क्षेत्र में भी सफलता के नए आयाम स्थापित कर रही हैं। उनकी उपलब्धियाँ यह साबित कर रही हैं कि अवसर, आत्मविश्वास और नवाचार के साथ महिलाएँ किसी भी क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकती हैं।

पिछले कुछ वर्षों में भारत में महिला उद्यमिता ने उल्लेखनीय गति पकड़ी है। डिजिटल तकनीक, ई-कॉमर्स, ऑनलाइन भुगतान प्रणाली, सोशल मीडिया और सरकारी प्रोत्साहन योजनाओं ने महिलाओं के लिए व्यवसाय शुरू करना पहले की तुलना में कहीं अधिक आसान बना दिया है। अब छोटे शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाएँ भी अपने उत्पादों और सेवाओं को देश-विदेश के ग्राहकों तक पहुँचा रही हैं।

महिला उद्यमियों की सफलता का सबसे बड़ा आधार उनका साहस और आत्मविश्वास है। अनेक महिलाओं ने सीमित संसाधनों, सामाजिक चुनौतियों और पारिवारिक जिम्मेदारियों के बावजूद अपने सपनों को साकार किया है। उन्होंने यह सिद्ध किया है कि सफलता केवल पूँजी से नहीं, बल्कि दृढ़ संकल्प, मेहनत और नवाचार से भी प्राप्त की जा सकती है।

आज महिलाएँ कृषि आधारित उद्योगों, हस्तशिल्प, खाद्य प्रसंस्करण, फैशन, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं, सूचना प्रौद्योगिकी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, जैव प्रौद्योगिकी, पर्यटन और हरित उद्यमों जैसे विविध क्षेत्रों में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रही हैं। अनेक महिला स्टार्टअप संस्थापक ऐसे उत्पाद और सेवाएँ विकसित कर रही हैं जो समाज की वास्तविक समस्याओं का समाधान प्रस्तुत करते हैं। यह नवाचार केवल आर्थिक विकास को गति नहीं देता, बल्कि रोजगार के नए अवसर भी पैदा करता है। महिला उद्यमिता का प्रभाव केवल आर्थिक नहीं, बल्कि सामाजिक भी है। जब कोई महिला आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनती है, तो उसका सकारात्मक प्रभाव पूरे परिवार और समुदाय पर पड़ता है। वह बच्चों की बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण में निवेश करती है तथा समाज में अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा बनती है। इस प्रकार महिला उद्यमिता सामाजिक समानता और समावेशी विकास को भी मजबूत करती है। सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाएँ, स्टार्टअप प्रोत्साहन कार्यक्रम, स्वयं सहायता समूह, कौशल विकास अभियान और डिजिटल वित्तीय सेवाएँ महिलाओं को उद्यमिता की ओर प्रोत्साहित कर रही हैं। बैंकिंग सुविधाओं और सूक्ष्म वित्त तक बढ़ती पहुँच ने भी महिलाओं को अपने व्यवसाय का विस्तार करने का अवसर दिया है। हालाँकि अभी भी वित्तीय सहायता, बाज़ार तक पहुँच, तकनीकी प्रशिक्षण और सामाजिक रूढ़ियों जैसी चुनौतियाँ पूरी तरह समाप्त नहीं हुई हैं। इन बाधाओं को दूर करने के लिए सरकार, उद्योग, वित्तीय संस्थानों और समाज को मिलकर कार्य करना होगा। शिक्षा और कौशल विकास महिला उद्यमिता की सफलता की मजबूत नींव हैं। यदि विद्यालयों और महाविद्यालयों में नवाचार, वित्तीय साक्षरता, डिजिटल कौशल और उद्यमिता की शिक्षा को बढ़ावा दिया जाए, तो अधिक से अधिक युवा महिलाएँ रोजगार खोजने के बजाय रोजगार देने वाली बन सकती हैं।

# एक भावना और धरोहर, जो पीढ़ी दर पीढ़ी आगे बढ़ती है

**डॉ. विजय गर्ग**

कपड़े फैशन बनने से पहले, आभूषण विलासिता का प्रतीक बनने से पहले और इमारतें ऐतिहासिक धरोहर कहलाने से पहले, हर सभ्यता को कुछ अदृश्य डोरों ने एक साथ बांध रखा था। ये डोरें थीं–मूल्यों, परंपराओं, कहानियों और स्मृतियों की। यही हैं विरासत की डोरें, वह अमूल्य धरोहर जिसे एक पीढ़ी अगली पीढ़ी को सौंपती है।

विरासत केवल स्मारकों या संग्रहालयों तक सीमित नहीं होती। यह उन भावनाओं, विश्वासों, रीति-रिवाजों और जीवन-ज्ञान का नाम है, जो समय के साथ हमारी पहचान का निर्माण करते हैं।

हर परिवार अपनी एक अनूठी विरासत रखता है। यह दादी-नानी के हाथों के भोजन का स्वाद हो सकता है, दादा-नाना की जीवन शिक्षाएं, नवजात शिशु के लिए गाई जाने वाली लोरी या किसी विशेष तरीके से त्योहार मनाने की परंपरा। ये छोटी-छोटी बातें भले ही साधारण प्रतीत हों, लेकिन यही हमें अपनी जड़ों से जोड़ती हैं और अपनत्व का एहसास कराती हैं।

सांस्कृतिक विरासत केवल परिवारों तक सीमित नहीं रहती, बल्कि समाजों और राष्ट्रों तक विस्तृत होती है। भाषाएं, लोकगीत, लोकनृत्य, हस्तकलाएं, साहित्य, वास्तुकला और धार्मिक परंपराएं किसी भी समाज की सामूहिक स्मृति का प्रतिनिधित्व करती हैं। ये हमें साहस, संघर्ष, सृजनशीलता और आस्था की कहानियां सुनाती हैं। जब हम इन परंपराओं को संरक्षित करते हैं, तब हम अपने पूर्वजों के अनुभवों को भी सुरक्षित रखते हैं।

लेकिन विरासत का अर्थ अतीत में ठहर जाना नहीं है। प्रत्येक पीढ़ी अपनी सोच और अनुभवों के रंग इस विरासत में जोड़ती है। अतीत का सम्मान करते हुए युवा बदलती जीवनशैली और आधुनिक मूल्यों के अनुरूप परंपराओं को नया स्वरूप देते हैं। संरक्षण और नवाचार के बीच यही संतुलन विरासत को जीवंत बनाए रखता है।

आज के डिजिटल युग में विरासत को आगे बढ़ाने के नए अवसर भी हैं और नई चुनौतियां भी। तकनीक की सहायता से हम मौखिक इतिहास को रिकॉर्ड कर सकते हैं, प्राचीन पांडुलिपियों का डिजिटलीकरण कर सकते हैं, विलुप्त होती भाषाओं को संरक्षित कर सकते हैं और अपनी सांस्कृतिक धरोहर को पूरी दुनिया तक पहुंचा सकते हैं। दूसरी ओर, वैश्वीकरण, तीव्र शहरीकरण और बदलती जीवनशैली स्थानीय परंपराओं को कमजोर भी कर रही है। अनेक लोकभाषाएं, पारंपरिक शिल्प और लोककलाएं इसलिए विलुप्त होने के कगार पर हैं क्योंकि नई पीढ़ी उन्हें सीखने में कम रुचि ले रही है।

विरासत की रक्षा केवल इतिहासकारों या सरकारों की जिम्मेदारी नहीं है। इसमें परिवार सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। माता-पिता और दादा-दादी या नाना-नानी जब बच्चों को कहानियां सुनाते हैं, रीति-रिवाजों का महत्व समझाते हैं और उन्हें त्योहारों में सहभागी बनाते हैं, तब वे विरासत के प्रथम शिक्षक बन जाते हैं। विद्यालय भी स्थानीय इतिहास, पारंपरिक ज्ञान और सांस्कृतिक विविधता की शिक्षा देकर महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। संग्रहालय, पुस्तकालय, कलाकार और सामाजिक संस्थाएं इस कार्य को और सशक्त बना सकती हैं।

विरासत केवल दिखाई देने वाली वस्तुओं तक सीमित नहीं है। ईमानदारी, करुणा, बड़ों का सम्मान, अतिथि-सत्कार और प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी जैसे मूल्य भी हमारी अमूल्य धरोहर हैं। ये नैतिक मूल्य भौतिक संपत्ति से कहीं अधिक मूल्यवान हैं, क्योंकि ये मनुष्य के चरित्र का निर्माण करते हैं और समाज को मजबूत बनाते हैं। जिस बच्चे को सत्यनिष्ठा, संवेदनशीलता और ईमानदारी की विरासत मिलती है, वह जीवनभर के लिए अनमोल संपदा प्राप्त करता है।

पर्यावरणीय विरासत भी ऐसी ही धरोहर है, जिसे हम आने वाली पीढ़ियों को सौंपते हैं। स्वच्छ नदियां, हरे-भरे वन, उपजाऊ मिट्टी और समृद्ध जैव विविधता हमें पिछली पीढ़ियों से मिले अमूल्य उपहार हैं। प्रकृति का संरक्षण केवल पर्यावरणीय जिम्मेदारी नहीं, बल्कि सांस्कृतिक दायित्व भी है। लगाया गया प्रत्येक पेड़, बचाई गई प्रत्येक नदी और संरक्षित की गई प्रत्येक प्रजाति हमारी भावी विरासत का हिस्सा बनती है।

तेजी से बदलती दुनिया में विरासत हमें स्थिरता प्रदान करती है। यह अतीत को वर्तमान से जोड़ती है और भविष्य के लिए प्रेरणा देती है। यह हमें सिखाती है कि भले ही तकनीक हमारे जीवन जीने के तरीके को बदल दे, लेकिन हमारे मूल्य और साझा स्मृतियां ही हमारे जीवन को वास्तविक अर्थ प्रदान करती हैं।अंततः, विरासत की डोरें न तो पत्थर से बुनी जाती हैं और न ही सोने से। वे प्रेम, ज्ञान, त्याग और साझा अनुभवों से निर्मित होती हैं।

**प्रान्तीय कार्यालय :** 76 शबरी कॉम्पलेक्स, एम.पी. नगर जोन-2 भोपाल, फोन : 0755-2579530
**प्रान्तीय ब्यूरो प्रमुख :** एल.एन. तवर, 9827781209
**प्रान्तीय ब्यूरो :** डॉ. जानकी अहिरवार 9406580345
Email:shramsadhnagwl@gmail.com

घाटीगांव में अभियान के तहत लगा पहला जिला स्तरीय जन-विश्वास शिविर

# जिला स्तर से 60 अधिकारियों ने मैदान में पहुँचकर मजबूत किया जन-विश्वास

**ग्वालियर, जीएनएस।**
जिला स्तर से शुक्रवार को लगभग 60 अधिकारी एक साथ मैदान में उतरे। इन अधिकारियों ने विकासखंड घाटीगांव के विभिन्न गाँवों में पहुँचकर 114 शासकीय संस्थाओं का निरीक्षण किया। साथ ही स्थानीय जन-समुदाय से संवाद कर उनकी अपेक्षाओं, समस्याओं व चुनौतियों को जाना और निराकरण का भरोसा दिलाकर सरकार के प्रति जनविश्वास को और मजबूत किया। इसके बाद सभी अधिकारी घाटीगांव पहुँचे और यहां आयोजित जिला स्तरीय शिविर के माध्यम से जन समस्याओं का निराकरण किया। मौका था ÷मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान÷ के शुभारंभ दिवस का। इस अभियान के तहत घाटीगांव के यह जन-विश्वास शिविर लगाया गया था। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर सम्पूर्ण प्रदेश के साथ ग्वालियर जिले में भी जनता से सीधा संवाद व जुड़ाव स्थापित कर समस्याओं का शतप्रतिशत निराकरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह अभियान शुरू हुआ है।

सरकार की योजनाओं का लाभ उठाकर सफलतापूर्वक अपने-अपने उद्यम चला रहे घाटीगांव क्षेत्र के उद्यमियों ने इस अवसर पर अपनी सफलता के प्रेरणादायी अनुभव साझा किए। साथ ही सरकार की विभिन्न योजनाओं के तहत हितलाभ भी वितरित किए। जन-विश्वास शिविर के साथ-साथ निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर भी लगाया गया। शिविर में कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान की पहल पर विशेष रूप से मेडीकल बोर्ड भी बिठाया गया था। मेडीकल बोर्ड की अनुशंसा के आधार पर दिव्यांगजनों के मौके पर ही दिव्यांगता प्रमाण-पत्र बनवाए गए। विकासखंड मुख्यालय घाटीगांव में ÷मुख्यमंत्री जन-



विश्वास अभियान÷ के तहत आयोजित हुए जिले के पहले जिला स्तरीय शिविर में लगभग 150 लोगों द्वारा आवेदन देकर अपनी समस्यायें दर्ज कराई गईं। विधायक श्री मोहन सिंह राठौर, जनपद पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती वर्षा रावत, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री धर्मवीर सिंह, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सोजान सिंह रावत, अपर कलेक्टर श्री अनिल बनवारिया, वन मण्डलाधिकारी श्री मुकेश पटेल एवं एसडीएम श्रीमती वंदना जैन सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों ने अधिकांश समस्याओं का मौके पर ही निराकरण कराया। सभी आवेदनों को सीएम हैल्पलाइन पोर्टल पर दर्ज किया गया है, जिससे उनके निराकरण की नियमित समीक्षा हो सके। विधायक श्री मोहन सिंह राठौर ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रति धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने ÷मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान÷ के तहत सभी विभागों के अधिकारियों को मैदान में उतारकर जन समस्याओं के वास्तविक निराकरण की पहल की है। उन्होंने शिविर में मौजूद लोगों से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा समाज को नशा मुक्त बनाने के लिये चलाए जा रहे अभियान को सफल बनाने का आह्वान किया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री धर्मवीर सिंह ने जानकारी दी कि पुलिस द्वारा घाटीगांव क्षेत्र में लंबित सीएम हैल्पलाइन की 50 में से 47 शिकायतों का निराकरण ÷मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान÷ के तहत कराया है।

शिविर स्थल पर सभी विभागों के अलग-अलग काउण्टर बनाए गए थे। साथ ही लोगों की शिकायतें दर्ज करने के लिये अलग से एक विशेष काउण्टर भी लगाया गया था। जिला पंचायत सीईओ श्री सोजान सिंह रावत ने सभी काउण्टरों पर पहुँचकर निराकरण की जानकारी ली। मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान के पहले दिन शिविर से पहले जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सोजान सिंह रावत ने ग्राम मुंशी का चक व मंडन का पुरा के प्राथमिक विद्यालयों एवं मंडन के पुरा के आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण किया। इस दौरान सुखद पहलू रहा कि चौथी कक्षा में अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति समुदाय के एक बच्चे ने 13 का पहाड़ा व एबीसीडी सुना दी। इसी तरह 5वीं कक्षा में अध्ययनरत सहरिया जनजाति की बालिका ने श्यामपट पर अंग्रेजी में अपना नाम लिख दिया। जिला पंचायत सीईओ ने इन बच्चों को शाबाशी दी। वहीं इन विद्यालयों में निपुण भारत एक्सरसाइज का ठीक ढंग से पालन न पाए जाने पर शिक्षकों के प्रति नाराजगी जताई। उन्होंने इन विद्यालय भवनों में आवश्यक मरम्मत कराने और साफ-सफाई बेहतर करने के लिये शिक्षकों व ग्राम पंचायत सचिव को निर्देश दिए।

## पर्यटन क्विज प्रतियोगिता में 117 विद्यालयों की सहभागिता

**ग्वालियर, जीएनएस।**
मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड, जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति समिति तथा स्कूल शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को भारतीय पर्यटन एवं यात्रा प्रबंधन संस्थान (आईआईटीटीएम), ग्वालियर में पर्यटन क्विज प्रतियोगिता-2026 का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में पंजीकृत 166 विद्यालयों में से 117 विद्यालयों ने सहभागिता दर्ज कराई। प्रत्येक विद्यालय से तीन छात्र एवं एक शिक्षक ने भाग लिया। प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश की संस्कृति एवं पर्यटन से संबंधित वस्तुनिष्ठ प्रश्न लिखित परीक्षा में पूछे गए। लिखित परीक्षा के परिणामों के आधार पर शीर्ष छह टीमों का चयन मल्टीमीडिया क्विज



के लिए किया गया। द्वितीय चरण में ऑडियो एवं वीडियो आधारित प्रश्न पूछे गए। कार्यक्रम के दौरान ऑडियंस राउंड का भी आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागियों एवं उपस्थित विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डीडी नगर मॉडल की टीम ने प्रथम, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पागन वी.सी. ने द्वितीय तथा रामकृष्ण विद्या मंदिर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं सीएम राइज विद्यालय बेरजा, मुरार चौथे, आर्मी पब्लिक स्कूल पाँचवें तथा सेंट जॉन वेनी स्कूल छठे स्थान पर रहे।कार्यक्रम में आईआईटीटीएम के नोडल अधिकारी डॉ. सौरभ दीक्षित, प्रो. चंद्रशेखर बरुआ, परियोजना अधिकारी एवं जिला नोडल अधिकारी श्री अनुपम शर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से सहायक संचालक श्रीमती पुष्पा ढोडी, जिला सांख्यिकी अधिकारी सुश्री अपर्णा कुशवाहा, क्विज मास्टर महेंद्र कुशवाहा एवं उनकी टीम सहित शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

## बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखकर स्कूली वाहनों की जाँच जारी

**ग्वालियर, जीएनएस।**
जिले में स्कूली बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखकर जिला प्रशासन द्वारा स्कूली वाहनों का अभियान बतौर निरीक्षण कराया जा रहा है। इस क्रम में कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान के निर्देश पर शुक्रवार को संभागीय उड़नदस्ता द्वारा शहर के चिरवई नाका पर स्कूली वाहनों की जांच की गई। इस दौरान स्कूली वाहनों सहित अन्य वाहनों में कमियां पाए जाने पर कुल लगभग 2 लाख 83 हजार रुपए का जुर्माना अधिरोपित किया गया। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी श्री विक्रमजीत सिंह कंग ने बताया कि निरीक्षण के दौरान स्कूली वाहनों में




सुरक्षा मानकों की बारीकी से जांच की गई। उन्होंने बताया 10 स्कूली वाहनों पर 77 हजार रुपए, 6 अन्य वाहनों पर 48 हजार 300 रुपए, 12 ट्रेक्टर पर लगभग एक लाख 53 हजार व एक ऑटो पर 5 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है। यह कार्रवाई संभागीय उड़नदस्ता प्रभारी श्री प्रवीण नाहर के नेतृत्व में गए दल द्वारा अंजाम दी गई।

## मिमोह चक्रवर्ती, विशाल विशेष की फिल्म 'पब्लिक का हीरो' का पोस्टर व टीजर लॉन्च

**मुम्बई, जीएनएस।**
नई फिल्म 'पब्लिक का हीरो' का पोस्टर और टीजर आज 7 अगस्त 2026 को मुम्बई के रेड बल्ब स्टूडियो में लॉन्च किया गया. उस दौरान मीडिया के साथ फिल्म के सारे कलाकारों ने बातचीत की. हाल ही में हॉन्टेड 3 डी जैसी हिट फिल्म देने वाले मिमोह, विशाल विशेष, फिल्म की नायिका ऋषिका, वर्षा उसगांवकर, शक्ति कपूर, अली खान, राजू खेर, कनिका गाबा, अरुण बक्शी, शंकर मिश्रा, रेणुका शंकर और पल्लवी उपस्थित रहे. इस फिल्म का निर्माण और निर्देशन शारदा त्रिपाठी ने किया है. फिल्म का वर्ल्डवाइड डिस्ट्रिब्यूशन प्रिंस मूवीज के राकेश सभरवाल द्वारा किया जा रहा है.

बॉलीवुड में बहुप्रतीक्षित फिल्म %पब्लिक का हीरो% की काफी चर्चा हो रही है जिसमें मिथुन चक्रवर्ती के पुत्र मिमोह चक्रवर्ती और विशाल विशेष की मुख्य भूमिकाएं हैं. इसके टीजर को सभी



ने पसन्द किया और अब सिनेमाघरों मे इसे देखने का सभी को इन्तेज़ार है। मंदसौर (मध्य प्रदेश) निवासी शारदा त्रिपाठी ने विज्ञापन और मनोरंजन जगत में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है और अब बतौर प्रोड्यूसर डायरेक्टर उनकी फिल्म पब्लिक का हीरो जल्द बड़े पर्दे पर रिलीज के लिए तैयार है।

इस फिल्म में पहली बार बिग-बॉस 16 की कंटेस्टेंट रह चुकी मशहूर डांसर गोरी नागोरी ने एक आइटम सांग किया है जो इस फिल्म की खास बातों में से एक है।

मानवीय रिश्तों के ताने बाने से बुनी और सच्ची घटनाओं से प्रेरित इस फिल्म की स्टोरी एक जांबाज पुलिस अधिकारी के इर्दगिर्द घूमती है जो हर हालत में अपने फर्ज को निभाता है.

इस फिल्म में 80 से ज्यादा कलाकारों ने कार्य किया है. सुदेश भोसले, साधना सरगम, शान, अल्तमश फरीदी, ऋतु पाठक और शाहिद माल्या जैसे गायकों ने फिल्म के खूबसूरत गीत गाए हैं. पूरी टीम फिल्म को लेकर उत्साहित है और इसकी जबरदस्त कहानी दर्शकों को पसन्द आने वाली है।

## देश में सभी राज्यो में गौ सरंक्षण एवम रक्षा विधेयक तुरंत प्रभाव से लाया जाए

**जयपुर, जीएनएस।**
अखिल भारतीय गुर्जर महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष रवि शंकर धाभाई ने गौमाता को राष्ट्र माता व राष्ट्रीय पशु का दर्जा व देश में सभी राज्यो में गौ रक्षा एवम संरक्षण विधेयक लाने एवम सभी राज्यों में में गौ सफारी व पर्यटन कार्रवाई हेतु महामहिम राष्ट्रपति महोदया प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय ग्रह मंत्री अमित शाह, भारत के सभी राज्यों के राज्यपाल व मुख्यमंत्री को पत्र भेजा है । सामाजिक कार्यकर्ता रवि शंकर धाभाई ने बताया कि देश की सभी विधानसभा व लोकसभा के सत्र में यह विधेयक तुरंत प्रभाव से पेश होना चाहिए और देश के किसी भी हिस्से में गौ तस्करी, मांस या उसके उत्पादों की बिक्री की गतिविधियों को तुरंत प्रभाव से बंद होना चाहिए । गायों के संरक्षण के लिए नए प्रावधान इस विधेयक में किए जाएं और राज्य के बाहर गायों को नहीं ले जा सके इस मसले में जीरो टॉलरेंस की नीति लागु की जानी चाहिए और अपराधियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने का भी प्रावधान इस बिल में होना चाहिए क्योंकि गाय हमारी माता है और उसकी रक्षा के लिए संविधान के दायरे में रहते हुए जरूरी कदम राज्य सरकार को तुरंत प्रभाव से उठाए जाने चाहिए । देश में गो के खिलाफ हो रहे अत्याचारों को रोकने एवम गौशालाओं में सुविधाओं को सुनिचित करवाने के लिए मांग उठाई है ।। देश गो माता के खिलाफ हो रहे अत्याचारों एवम गौशालाओं में हो रही अनियमितताओं एवं पूरे देश भर में गौ संरक्षण एवं रक्षा विधेयक पास किया जावे हेतु मांग पत्र भेजा है ।

जयपुर के समाजसेवी रवि शंकर धाभाई ने आगे बताया कि गौशालाओं के विकास योजना गत गौशालाओं में आधारभूत संरचनाओं जैसे कैटल शेड गोपालक आवास गृह चारा भंडार ग्रह पानी की थैली निर्माण, पानी की टंकी एवं टांका निर्माण बाड़े के अंदर खरंजा निर्माण आदि के कार्य की सुविधाएं भी सुनिश्चित की जाए । पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से गौशालाओं के आसपास पेड़ पौधे भी लगाए जाएं गौशाला भ्रमण को पर्यटन के साथ पर्यावरण सरंक्षण की अवधारणा की भी रूचि दिखाने की आवश्यकता है आमजन में गौ संरक्षण की भावना विकसित करने की भी आवश्यकता है । गाय का हिंदू संस्कृति में बहुत ही अधिक महत्व है इसलिए गो को माता भी माना जाता है क्योंकि गाय के अंदर सभी देवताओं का वास होता है अतः गाय की सेवा करके मनुष्य ईश्वर की सेवा का परम सुख प्राप्त कर सकता है वर्तमान में गौ माता के जीवन पर संकट लगातार बढ़ता जा रहा है । शहरीकरण के कारण लोगों ने गायों को घरों में रखना और उनकी सेवा करना बंद कर दिया है यही नहीं गायों के चारे पानी की व्यवस्था भी अपर्याप्त रूप से नहीं हो पा रही है। हमें गायों के संरक्षण के लिए आगे होना आगे आना होगा तथा उनके लिए बड़े चारा आगरा क्षेत्र को संरक्षित करना और नए चारागाह क्षेत्र बनाने पर जोर देना होगा ।

### बुधनी में 1.04 लाख से घटकर 13,901 वोट की बढ़त; दतिया में लगातार दूसरी हार ने बढ़ाई चिंता

# उपचुनावों ने भाजपा को दिखाया आईना दो सीटों पर हार, दो पर जीत लेकिन घटा जनाधार का अंतर

**डॉ. एल.एन. वैष्णव**

मध्यप्रदेश की राजनीति में हाल के विधानसभा उपचुनावों के परिणाम सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी के लिए सिर्फ जीत-हार का आंकड़ा नहीं, बल्कि राजनीतिक संकेतों की एक गंभीर तस्वीर लेकर सामने आए हैं। चार विधानसभा सीटों के परिणामों पर नजर डालें तो भाजपा को दो सीटों पर हार और दो सीटों पर जीत मिली, लेकिन जिन सीटों पर पार्टी जीती, वहां भी पिछले चुनावों की तुलना में जीत का अंतर काफी कम हुआ है।

इन परिणामों ने भाजपा संगठन के सामने सबसे बड़ा सवाल खड़ा किया है कि क्या प्रदेश में पार्टी के प्रति मतदाताओं का पारंपरिक उत्साह पहले जैसा बना हुआ है?

दतिया और विजयपुर में भाजपा की हार ने विपक्ष को उत्साहित किया है, जबकि बुधनी और अमरवाड़ा में जीत के बावजूद घटा हुआ वोट अंतर भाजपा के लिए आत्ममंथन का विषय बन गया है।

दतिया में लगातार दूसरी हार, संगठन के लिए बड़ा संकेत

दतिया विधानसभा सीट पर भाजपा को लगातार दूसरी बार पराजय का सामना करना पड़ा। वर्ष 2023 के विधानसभा चुनाव में भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ. नरोत्तम मिश्रा को कांग्रेस के घनश्याम सिंह ने 7,742 मतों से पराजित किया था।

उपचुनाव में भाजपा ने आशुतोष तिवारी को मैदान में उतारा। उम्मीद थी कि संगठनात्मक ताकत और सत्ता का लाभ पार्टी को सीट वापस दिला सकता है, लेकिन परिणाम इसके विपरीत रहा।

कांग्रेस के घनश्याम सिंह ने भाजपा प्रत्याशी को 6,016 वोटों से हरा दिया।

दतिया के परिणाम की एक खास बात मतदान प्रतिशत भी रही। इस बार मतदान 71.42 प्रतिशत रहा, जो वर्ष 2023 की तुलना में लगभग आठ प्रतिशत कम बताया गया। वहीं आजाद समाज पार्टी के प्रत्याशी दामोदर यादव को लगभग 15 प्रतिशत वोट मिले, जिससे मुकाबला त्रिकोणीय स्वरूप में दिखाई दिया।

यह परिणाम भाजपा के लिए इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि पार्टी को एक बार फिर उसी सीट पर हार मिली, जहां वह अपना पुराना राजनीतिक आधार वापस हासिल करने की कोशिश कर रही थी।

बुधनी ने बदला चुनावी गणित

यदि इन उपचुनावों में किसी एक सीट के आंकड़े ने सबसे ज्यादा राजनीतिक चर्चा पैदा की है, तो वह बुधनी है।

वर्ष 2023 के विधानसभा चुनाव में तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुधनी सीट पर 1,04,974 वोटों के विशाल अंतर से जीत दर्ज की थी। यह जीत क्षेत्र में भाजपा और शिवराज सिंह चौहान की मजबूत राजनीतिक पकड़ का प्रमाण मानी गई थी।

लेकिन लोकसभा चुनाव 2024 में शिवराज सिंह चौहान के लोकसभा सदस्य चुने जाने के बाद बुधनी विधानसभा सीट खाली हुई और उपचुनाव कराना पड़ा।

इस बार भाजपा ने रमाकांत भार्गव को मैदान में उतारा। पार्टी सीट बचाने में सफल रही, लेकिन जीत का अंतर घटकर केवल 13,901 वोट रह गया।

यानी जिस सीट पर भाजपा ने एक समय एक लाख से अधिक वोटों की बढ़त हासिल की थी, वहां उपचुनाव में बढ़त करीब 91 हजार वोट तक कम हो गई।

राजनीतिक विश्लेषण के लिहाज से यही आंकड़ा भाजपा के लिए सबसे बड़ा संदेश माना जा सकता है।

जीत बरकरार, लेकिन जनसमर्थन का अंतर क्यों घटा?

बुधनी का परिणाम भाजपा के लिए विरोधाभास की स्थिति पैदा करता है।

एक तरफ पार्टी ने सीट जीत ली, दूसरी तरफ जीत का अंतर इतनी तेजी से कम हुआ कि राजनीतिक सवाल उठना स्वाभाविक है।

क्या मतदाताओं का एक वर्ग प्रत्याशी बदलने के साथ पार्टी से दूरी बना रहा है?

क्या स्थानीय मुद्दों का प्रभाव बढ़ा है?

क्या शिवराज सिंह चौहान की व्यक्तिगत लोकप्रियता और भाजपा के संगठनात्मक वोट में अंतर है?

या फिर क्षेत्र में विपक्ष ने अपनी पकड़ मजबूत की है?

इन सवालों के जवाब आने वाले समय में भाजपा की समीक्षा बैठकों में तलाशे जाने की संभावना है।

विजयपुर और अमरवाड़ा ने भी दिया अलग-अलग संदेश

विजयपुर में भाजपा की हार ने यह स्पष्ट किया कि ग्रामीण और क्षेत्रीय राजनीति में स्थानीय समीकरणों को नजरअंदाज करना आसान नहीं है। कांग्रेस ने यहां जीत हासिल कर भाजपा के सामने एक मजबूत चुनौती पेश की।

वहीं अमरवाड़ा में भाजपा अपनी सीट बचाने में सफल रही। हालांकि इस सीट का परिणाम भी पार्टी के लिए केवल जश्न का विषय नहीं माना जा सकता। चुनावी राजनीति में जीत का अंतर, वोट प्रतिशत और पिछले चुनाव से तुलना किसी भी दल के वास्तविक प्रदर्शन को समझने के महत्वपूर्ण आधार होते हैं।

चार सीटों का परिणाम और भाजपा के सामने खड़े सवाल

चार उपचुनावों को एक साथ देखें तो तस्वीर साफ दिखाई देती है–

दतिया – भाजपा हारी

विजयपुर – भाजपा हारी

बुधनी – भाजपा जीती, लेकिन जीत का अंतर बुरी तरह घटा

अमरवाड़ा – भाजपा जीती, लेकिन पिछले प्रदर्शन से तुलना महत्वपूर्ण

इस तस्वीर का सीधा अर्थ यह नहीं कि प्रदेश में भाजपा के खिलाफ कोई बड़ी लहर खड़ी हो गई है। लेकिन इतना जरूर कहा जा सकता है कि सत्ता में रहते हुए भाजपा को हर सीट पर स्वतः मिलने वाली बढ़त अब सुनिश्चित नहीं मानी जा सकती।

भाजपा के लिए असली चुनौती विपक्ष नहीं, घटता हुआ भरोसा है

चुनावी राजनीति में हार और जीत दोनों सामान्य हैं। लेकिन किसी मजबूत राजनीतिक दल के लिए चिंता तब बढ़ती है, जब जीत के बावजूद उसके वोटों का अंतर लगातार कम होने लगे।

बुधनी इसका सबसे बड़ा उदाहरण है।

1,04,974 वोट की बढ़त से 13,901 वोट की जीत तक का सफर केवल एक चुनावी आंकड़ा नहीं है। यह इस बात की ओर संकेत करता है कि मतदाता का एक हिस्सा अब पहले की तरह एकतरफा निर्णय नहीं ले रहा।

मतदाता स्थानीय प्रत्याशी, क्षेत्रीय समस्याएं, विकास कार्य, रोजगार, प्रशासनिक व्यवहार और राजनीतिक विकल्पों को भी तौल रहा है।

कांग्रेस के लिए अवसर, लेकिन चुनौती भी कम नहीं

उपचुनाव परिणामों से कांग्रेस को निश्चित रूप से नई राजनीतिक ऊर्जा मिली है। दतिया और विजयपुर की जीत को कांग्रेस बदलते जनमत के संकेत के रूप में प्रस्तुत कर सकती है।

लेकिन कांग्रेस के सामने भी बड़ा सवाल है कि क्या वह इन परिणामों को स्थायी राजनीतिक आधार में बदल पाएगी?

उपचुनाव में मिली सफलता और आम विधानसभा चुनाव की परिस्थितियां अलग होती हैं। इसलिए कांग्रेस को संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करना होगा और स्थानीय नेतृत्व को प्रभावी बनाना होगा।

विशेष रिपोर्ट – अब भाजपा को करना होगा बूथ स्तर पर आत्ममंथन

मध्यप्रदेश की राजनीति में भाजपा लंबे समय से मजबूत संगठन, बूथ प्रबंधन और चुनावी रणनीति के लिए जानी जाती है। ऐसे में उपचुनावों के परिणाम संगठन के लिए समीक्षा का अवसर भी हैं।

अब भाजपा के सामने सिर्फ यह सवाल नहीं है कि कहां हार हुई?

बल्कि उससे बड़ा सवाल है–

कहां वोट कम हुआ?

किस वर्ग ने दूरी बनाई?

किस क्षेत्र में कांग्रेस या अन्य दल मजबूत हुए?

किस प्रत्याशी को जनता ने स्वीकार नहीं किया?

और सबसे महत्वपूर्ण–

जिस मतदाता ने पिछली बार भाजपा को भारी बहुमत दिया था, उसके रुख में बदलाव क्यों आया?

यदि संगठन इन सवालों के जवाब बूथवार आंकड़ों के आधार पर खोजता है, तो उपचुनाव भाजपा के लिए चेतावनी के साथ-साथ सुधार का अवसर भी बन सकते हैं।

निष्कर्ष

मध्यप्रदेश के इन चार विधानसभा उपचुनावों ने भाजपा को सत्ता से कोई तत्काल खतरा पैदा नहीं किया है, लेकिन राजनीतिक संकेत जरूर दिए हैं।

दो सीटों की हार और दो सीटों पर घटती बढ़त यह बताने के लिए पर्याप्त है कि चुनावी मैदान में अब केवल सत्ता और संगठन की ताकत ही निर्णायक नहीं होगी। मतदाता का मूड बदल रहा है या केवल स्थानीय समीकरण बदले हैं–इसका अंतिम जवाब आने वाले चुनाव देंगे। लेकिन फिलहाल इतना जरूर कहा जा सकता है कि उपचुनावों ने भाजपा के सामने आईना रख दिया है और अब इस आईने में दिखाई दे रही तस्वीर को संगठन कितनी गंभीरता से पढ़ता है, यही उसकी अगली राजनीतिक रणनीति की दिशा तय करेगा।

# वैज्ञानिक अवलोकन की कला

**डॉ विजय गर्ग**

विज्ञान की शुरुआत प्रयोगशाला से नहीं, बल्कि अवलोकन से होती है। मानव इतिहास की लगभग हर महान वैज्ञानिक खोज के पीछे किसी जिज्ञासु व्यक्ति की गहरी नजर और प्रश्न पूछने की आदत रही है। आइज़क न्यूटन ने गिरते हुए सेब को देखा, गैलीलियो ने दूरबीन से आकाश का अध्ययन किया, चार्ल्स डार्विन ने जीव-जंतुओं के व्यवहार का वर्षों तक अवलोकन किया और डॉ. सी. वी. रमन ने प्रकाश के प्रकीर्णन का अध्ययन करके विश्व को नई वैज्ञानिक समझ दी। इन सभी उदाहरणों से स्पष्ट है कि विज्ञान का पहला कदम है–ध्यानपूर्वक देखना।

वैज्ञानिक अवलोकन केवल किसी वस्तु को देख लेना नहीं है। यह किसी घटना, वस्तु या प्रक्रिया को धैर्यपूर्वक, निष्पक्षता से और गहराई से समझने का प्रयास है। इसमें तथ्यों को बिना किसी पूर्वाग्रह के दर्ज किया जाता है, छोटी-से-छोटी बातों पर ध्यान दिया जाता है और यह जानने की कोशिश की जाती है कि कोई घटना क्यों और कैसे घटित हो रही है। यही आदत सामान्य व्यक्ति और वैज्ञानिक सोच रखने वाले व्यक्ति के बीच अंतर पैदा करती है।

हम प्रतिदिन अपने आसपास अनेक घटनाएँ देखते हैं, लेकिन अधिकांश लोग उन्हें सामान्य मानकर आगे बढ़ जाते हैं। एक वैज्ञानिक दृष्टिकोण रखने वाला व्यक्ति उन्हीं घटनाओं में नए प्रश्न खोजता है। यदि वह किसी बगीचे में जाता है तो केवल फूलों की सुंदरता नहीं देखता, बल्कि यह भी समझने का प्रयास करता है कि अलग-अलग पौधों की पत्तियाँ क्यों भिन्न होती हैं, किन-किन कीटों का आगमन होता है, सूर्य के प्रकाश का पौधों पर क्या प्रभाव पड़ता है और मिट्टी की नमी उनके विकास को कैसे प्रभावित करती है। यही जिज्ञासा नई खोजों का आधार बनती है। इतिहास में अनेक महत्वपूर्ण खोजें केवल सूक्ष्म अवलोकन के कारण संभव हुईं। न्यूटन ने गिरते हुए सेब से गुरुत्वाकर्षण के सिद्धांत की ओर कदम बढ़ाया। गैलीलियो ने ग्रहों और चंद्रमाओं का अध्ययन करके ब्रह्मांड के बारे में प्रचलित धारणाओं को चुनौती दी। डार्विन ने वर्षों तक विभिन्न जीवों का अवलोकन कर विकासवाद का सिद्धांत प्रस्तुत किया। भारत के महान वैज्ञानिक डॉ. सी. वी. रमन ने प्रकाश के व्यवहार का अध्ययन करके ÷रमन प्रभाव÷ की खोज की, जिसके लिए उन्हें नोबेल पुरस्कार मिला। ये सभी उदाहरण बताते हैं कि महान खोजों की शुरुआत अक्सर एक साधारण-सी जिज्ञासा और सावधानीपूर्वक किए गए अवलोकन से होती है।

आज विज्ञान और तकनीक ने अवलोकन की क्षमता को कई गुना बढ़ा दिया है। सूक्ष्मदर्शी, दूरबीन, उपग्रह, ड्रोन, सेंसर और कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसे आधुनिक उपकरण हमें उन चीज़ों को देखने और समझने में सहायता करते हैं जो सामान्य आँखों से दिखाई नहीं देतीं। फिर भी इन सभी उपकरणों के पीछे एक जिज्ञासु और सोचने वाला मानव मस्तिष्क ही होता है। तकनीक केवल साधन है, खोज की शुरुआत आज भी वैज्ञानिक दृष्टि और अवलोकन से ही होती है।

विद्यार्थी अपने दैनिक जीवन में वैज्ञानिक अवलोकन की आदत आसानी से विकसित कर सकते हैं। वे पौधों की वृद्धि को प्रतिदिन दर्ज कर सकते हैं, चींटियों की गतिविधियों को देख सकते हैं, मौसम में होने वाले परिवर्तनों का रिकॉर्ड रख सकते हैं, चंद्रमा की कलाओं का अध्ययन कर सकते हैं या पक्षियों के व्यवहार का निरीक्षण कर सकते हैं। यदि वे एक विज्ञान डायरी बनाएँ और नियमित रूप से अपने अवलोकनों को लिखें, तो उनकी विश्लेषण क्षमता, धैर्य और तार्किक सोच में उल्लेखनीय वृद्धि हो सकती है। वैज्ञानिक अवलोकन केवल विज्ञान तक सीमित नहीं है। एक चिकित्सक रोगी के लक्षणों का सूक्ष्म अध्ययन करके सही उपचार निर्धारित करता है। एक अभियंता मशीनों की कार्यप्रणाली का निरीक्षण करके उन्हें अधिक प्रभावी बनाता है। एक पर्यावरण वैज्ञानिक जलवायु और जैव विविधता में हो रहे परिवर्तनों का अध्ययन करके संरक्षण की योजनाएँ तैयार करता है। यहाँ तक कि एक शिक्षक, कलाकार, पत्रकार, किसान और उद्यमी भी अपने कार्य में सफलता प्राप्त करने के लिए तीक्ष्ण अवलोकन क्षमता का उपयोग करते हैं। आज के डिजिटल युग में सबसे बड़ी चुनौती यह है कि हमारा ध्यान लगातार मोबाइल फोन, सोशल मीडिया और डिजिटल स्क्रीन की ओर खिंचा रहता है। हम अपने आसपास घट रही रोचक और शिक्षाप्रद घटनाओं को अक्सर अनदेखा कर देते हैं। वैज्ञानिक अवलोकन की कला हमें धीमे चलना, ध्यानपूर्वक देखना, प्रश्न पूछना और सोच-समझकर निष्कर्ष निकालना सिखाती है। यह आदत हमें वास्तविक दुनिया से दोबारा जोड़ती है।

एक सच्चा वैज्ञानिक वही लिखता है जो वह वास्तव में देखता है, न कि जो वह देखना चाहता है। इसलिए वैज्ञानिक अवलोकन में ईमानदारी, सटीकता, बार-बार जाँच और तथ्यों का सही रिकॉर्ड रखना अत्यंत आवश्यक है। यही वैज्ञानिक पद्धति की सबसे बड़ी विशेषता है और यही विश्वसनीय ज्ञान का आधार भी। माता-पिता और शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका है कि वे बच्चों को केवल उत्तर याद करने के लिए नहीं, बल्कि प्रश्न पूछने, प्रयोग करने और स्वयं अवलोकन करने के लिए प्रेरित करें। प्रकृति भ्रमण, विज्ञान प्रयोग, संग्रहालयों की यात्रा और पर्यावरण से जुड़ी गतिविधियाँ बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने के प्रभावी माध्यम हैं।

### डीलर्स भानु शर्मा, तरुण शर्मा एवं रचित गोयल भी उत्कृष्ट योगदान के लिए हुए सम्मानित

# अल्ट्राटेक सीमेंट चैनल पार्टनर ट्रेनिंग में शिवम् पहारिया बने सर्वश्रेष्ठ सेल्स चैंपियन, ट्रॉफी से हुए सम्मानित

**शिवपुरी जीएनएस**

शहर के एबी रोड़ स्थित होटल पी.एस. रेजीडेंसी में आयोजित अल्ट्राटेक सीमेंट चैनल पार्टनर ट्रेनिंग प्रोग्राम में जिले भर की सभी तहसीलों से आए डीलर्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में अल्ट्राटेक सीमेंट के नवीनतम उत्पादों, आधुनिक भवन निर्माण तकनीकों तथा ग्राहकों के लिए उपलब्ध उन्नत समाधान की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण सत्र के दौरान विवेक शर्मा ने अल्ट्राटेक बिल्डिंग सॉल्यूशंस स्टोर की अवधारणा पर प्रकाश डालते हुए बताया कि अब एक ही स्थान पर भवन निर्माण से जुड़ी उच्च गुणवत्ता एवं अत्याधुनिक तकनीक वाले उत्पाद ग्राहकों को उपलब्ध कराए जा रहे हैं। साथ ही वेदर प्रो 200 लिक्विड केमिकल को सीमेंट एवं कंक्रीट में मिलाने से विशेषकर वर्षा ऋतु में होने वाले लाभ, वेदर प्लस सीमेंट की



विशेषताएं, रेन वॉटर हार्वेस्टिंग तथा सोलर सिस्टम जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी विशेषज्ञों ने जानकारी साझा की। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले डीलर्स का सम्मान रहा। इस अवसर पर शिवम् पहारिया को सर्वश्रेष्ठ सेल्स के लिए ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके अलावा भानु शर्मा, तरुण शर्मा एवं रचित गोयल को भी उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन टेक्निकल मैनेजर अनिमेष अहिवार ने किया। अतिथियों एवं डीलर्स का स्वागत सेल्स मैनेजर शैलेश शर्मा ने किया, जबकि कार्यक्रम के अंत में डिपो हेड योगेश असाटी ने सभी का आभार व्यक्त किया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम डीलर्स को नई तकनीकों, उत्पादों की विशेषताओं एवं आधुनिक निर्माण समाधानों से अवगत कराने के साथ-साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सहयोगियों का उत्साहवर्धन करने वाला साबित हुआ।

## टी टी नगर रहवासी सहकारी संस्था की 17 अगस्त को होगी विशेष साधारण सभा

**शिवपुरी जीएनएस।** टी.टी. नगर रहवासी सहकारी संस्था मर्यादित, शिवपुरी की विशेष साधारण सभा का आयोजन 17 अगस्त 2026 को प्रातः 11 बजे किया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता रिटर्निंग अधिकारी द्वारा की जाएगी। यह सूचना मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी नियम 1962 के नियम 49-ड(3) के अंतर्गत जारी की गई है। सभा में संस्था की उपविधि क्रमांक 14 के अनुसार संचालक मंडल के सदस्यों के निर्वाचन की प्रक्रिया संपन्न कराई जाएगी। संस्था प्रबंधन ने सभी सदस्यों से निर्धारित समय पर उपस्थित होकर निर्वाचन प्रक्रिया में भाग लेने की अपील की है। सूचना के अनुसार चुनाव संबंधी संपूर्ण कार्यवाही रिटर्निंग अधिकारी द्वारा घोषित कार्यक्रम के अनुसार संपन्न होगी।

## मोटर दुर्घटना के दो प्रकरण में सहायता राशि स्वीकृत

**शिवपुरी जीएनएस।** हिट एण्ड रन मोटर दुर्घटना के दो प्रकरणों में मृतक के परिजन को 2 लाख रुपए एवं घायल को 50 हजार रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। संयुक्त कलेक्टर शिवपुरी ने बताया कि मोटर दुर्घटना के एक प्रकरण में ग्राम परासरी तहसील पोहरी निवासी मृतक श्री नारायण उर्फ नारान पुत्र श्री प्रीतम आदिवासी की वैध वारिस पत्नी श्रीमती गीता आदिवासी को 2 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। अज्ञात वाहन द्वारा टक्कर मार देने से शिवपुरी शहर के तुलसी नगर निवासी घायल बद्री आदिवासी की मां श्रीमती नेहा आदिवासी को 50 हजार रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। उक्त सभी राशि मोटर वाहन अधिनियम की धारा 163(अ) के तहत मंजूर की गई है।

## पूर्व विधायक प्रहलाद भारती के प्रयासों से 2 हायर सेकंडरी विद्यालयों में कृषि संकाय में हो सकेगी पढ़ाई

**शिवपुरी/पोहरी जीएनएस**

पोहरी विधानसभा क्षेत्र के अंतिम छोर पर स्थित 2 हायर सेकेंडरी विद्यालयो में कृषि संकाय की मांगें लंबे समय से चली आ रही थीं जिसके चलते छात्र/छात्राएं काफी परेशान थे। उक्त मांग पर पूर्व राज्यमंत्री दर्जा एवं पूर्व विधायक प्रहलाद भारती ने शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह व अभिषेक सिंह आयुक्त डीपीआई भोपाल से व्यक्तिगत मुलाकात कर उनके समक्ष समस्या को रखा और छात्र हित मे उक्त लंबित मांग को त्वरित पूर्ण करने का अनुरोध किया।

जहां बीते दिनों लोक शिक्षण संचालनालय से एक आदेश जारी हुआ जिसमें शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छर्च व शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोवर्धन में कृषि संकाय को सम्मलित किया गया है। इन दोनों विद्यालयो में कृषि संकाय के शामिल होने से अब छात्रों को निजी विद्यालयो का सहारा नही लेना पड़ेगा साथ ही ग्राम स्तर पर ही वह कृषि संकाय से अपनी पढ़ाई पूरी कर सकेंगे। बता दे कि पूर्व राज्यमंत्री दर्जा व विधायक प्रह्लाद भारती के अथक प्रयासों से ही 3 माह के भीतर ही छात्रों की मांग पर कृषि संकाय का शामिल होना संभव हो सका है। कृषि संकाय के सम्मलित होने पर छात्रों ने पूर्व राज्यमंत्री दर्जा प्रहलाद भारती का धन्यवाद ज्ञापित किया है। बता दे कि पोहरी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आने बाले शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छर्च व शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोवर्धन अंतिम छोर पर स्थित है। इस स्थिति में इन विद्यालय में कृषि संकाय के शामिल होने से छात्रों को अब अन्यत्र स्थान पर जाकर मजबूरन पढ़ाई नही करनी पड़ेगी।

## मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान अंतर्गत उचित मूल्य दुकान का निरीक्षण

**श्योपुर जीएनएस**

कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा द्वारा मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम के क्रम में आज पाण्डोला स्थित उचित मूल्य दुकान का निरीक्षण किया गया तथा प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना अंतर्गत निशुल्क खाद्यान वितरण की व्यवस्था का आंकलन किया गया। इस अवसर पर एसडीएम श्री गगन सिंह मीणा, तहसीलदार श्री सुरेश राठौर आदि उपस्थित रहें।

कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा द्वारा उचित मूल्य दुकान के



निरीक्षण के दौरान राशन विक्रेता को निर्देश दिये कि अगस्त एवं सितंबर माह की राशन सामग्री के एकमुश्त वितरण की सूचना दुकान पर चस्पा की जाये। इसके साथ ही उन्होंने पीओएस मशीन से खाद्यान वितरण की व्यवस्था का जायजा लिया तथा राशन विक्रेता से उपभोक्ता श्री बनवारी सुमन की पीओएस मशीन के माध्यम से खाद्यान पर्ची जनरेट कराई गई।

उपभोक्ता श्री बनवारी सुमन ने बताया कि उसे पात्रता श्रेणी में प्रत्येक सदस्य के मान से 5 किलो खाद्यान मिलता है, परिवार में तीन सदस्य है, इसलिए हर माह 15 किलो खाद्यान की पात्रता है, इस बार दो माह का राशन एक साथ मिला है।

# स्वर्णकार सराफा एसोसिएशन की वार्षिक गौठ में हुआ प्रतिभाओं और समाजसेवियों का सम्मान, 600 से अधिक लोग हुए शामिल

**शिवपुरी जीएनएस**

स्वर्णकार सराफा एसोसिएशन की वार्षिक गौठ का आयोजन बायपास मार्ग स्थित सिया मैरिज गार्डन में हर्षोल्लास और सामाजिक सौहार्द के वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में समाज के लगभग 600 से अधिक सदस्य एवं गणमान्य नागरिक शामिल हुए। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों एवं समाजजनों का स्वागत एवं सम्मान एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रकाश सोनी, सचिव सत्येंद्र सोनी तथा सहयोगी सतीश सोनी एवं सचिन सोनी द्वारा किया गया। इस अवसर पर समाजसेवा, चिकित्सा, प्रशासन, पुलिस, शासकीय सेवा एवं पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्तित्वों का सम्मान किया गया।

**इनका किया सम्मान :** सम्मानित होने वालों में डॉ. पी. डी. गुप्ता, डॉ. ब्रजेश मंगल, डॉ. सुनील तोमर, डॉ. राजेंद्र शर्मा, डॉ. रईश खान, कोतवाली थाना प्रभारी रोहित दुबे, फिजिकल थाना प्रभारी कृपाल सिंह राठौड़, रजिस्ट्रार सौरभ शाक्य एवं रजिस्ट्रार संदीप पांडेय प्रमुख रहे। इसके साथ ही स्वर्णकार सराफा एसोसिएशन के नव नियुक्त शासकीय सेवकों, समाजसेवियों, प्रतिभागियों तथा मीडियाकर्मियों को भी सम्मानित किया गया। वार्षिक गौठ के दौरान एसोसिएशन के आगामी कार्यक्रमों एवं समाजहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही एसोसिएशन एवं समाज के आगामी चुनावों को लेकर भी विचार-विमर्श हुआ।

**एसोसिएशन अध्यक्ष प्रकाश सोनी ने संगठन की भावी योजनाओं का दिया ब्यौरा :** इस दौरान एसोसिएशन अध्यक्ष प्रकाश सोनी ने संगठन की भावी योजनाओं का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत करते हुए समाज की एकजुटता और सहभागिता पर बल दिया। कार्यक्रम का संयुक्त संचालन कल्पित सोनी एवं चंद्रप्रकाश सोनी ने प्रभावी ढंग से किया। समापन अवसर पर अध्यक्ष प्रकाश सोनी ने सभी अतिथियों, सम्मानित व्यक्तियों एवं समाजजनों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थितजनों ने पारंपरिक दाल-बाटी के स्नेहभोज का आनंद लिया। आत्मीयता, सामाजिक एकता और सम्मान की भावना से ओतप्रोत यह वार्षिक गौठ समाज के लिए यादगार आयोजन बन गई।



### स्वरोजगार एवं रोजगारोन्मुखी योजनाओं की समीक्षा बैठक संपन्न

# सभी संबंधित विभाग एवं बैंक आगामी डीएलसीसी बैठक से पूर्व स्वीकृत प्रकरणों का वितरण सुनिश्चित करें: कलेक्टर

**भिण्ड, जीएनएस।**
कलेक्टर भिण्ड की अध्यक्षता में गत दिवस विभिन्न स्वरोजगार एवं रोजगारोन्मुखी योजनाओं की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना, वार्षिक साख योजना (एसीपी), प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, पीएम स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन (पीएमएफएमई) योजना, भगवान बिरसा मुंडा स्वरोजगार योजना, टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना, संत रविदास स्वरोजगार योजना, डॉ. भीमराव अंबेडकर आर्थिक कल्याण योजना तथा मुख्यमंत्री विमुक्त, घुमंतु एवं अर्धघुमंतु स्वरोजगार योजना सहित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में कलेक्टर द्वारा संबंधित विभागों एवं बैंकों को निर्देश दिए गए कि आगामी 12 अगस्त को आयोजित होने वाली जिला स्तरीय सलाहकार समिति (डीएलसीसी) की बैठक से पूर्व सभी स्वीकृत प्रकरणों का बैंकों द्वारा अनिवार्य रूप से वितरण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही सभी संबंधित अधिकारियों को अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों के आवेदन भरवाने, योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करने तथा योजनाओं के लक्ष्यों की समयबद्ध पूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने सभी विभागों को योजनाओं के निर्धारित लक्ष्यों की शत-प्रतिशत पूर्ति एवं प्रगति में तेजी लाने के लिए समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

इस दौरान सीईओ जिला पंचायत भिण्ड, महाप्रबंधक उद्योग विभाग, एलडीएम सहित सम्बन्धित विभागों के अधिकारीगण एवं बैंकर्स उपस्थित रहे।

## तहसील की सभी गौशालाओं में व्यवस्था सही रखें: मौर्य

**जालौन, जीएनएस।**
नगर तथा कस्बा एवं ग्रामीण अंचलों में गौशालाओं को सही व्यवस्था रखने के उद्देश्य से उपजिला अधिकारी की अध्यक्षता में तथा गौशाला के जिम्मेदार लोगों की मौजूदगी में बैठक तहसील कार्यालय में आयोजित की गई।



शुक्रवार के दिन तहसील कार्यालय में आयोजित बैठक पर उप जिलाधिकारी विनय कुमार सिंह ने कड़े शब्दों में कहा कि इस समय बरसात बराबर हो रही है तो वर्षा में जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारी अपनी अपनी गौशालाओं को व्यवस्था सही करने के निर्देश दिए उन्होंने कहा कि मेरे निरीक्षण के दौरान कई गौशालाओं में कीचड़ युक्त गौशालाएं मिलती हैं जिससे गोवंश कीचड़ में रहते हैं गौशाला के सभी संचालक अपनी-अपनी गौशालाओं में व्यवस्था चुस्त दुरुस्त करने के निर्देश दिए उन्होंने मौजूद लोगों से स्पष्ट शब्दों मे कहा कि गौशालाओं में किसी भी संचालक ने अनदेखी की तो मैं किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं करूंगा यदि निरीक्षण के दौरान गंदगी या कीचड़ किसी गौशाला में पाया गया ऐसे संचालक के खिलाफ कार्रवाई तत्काल सुनिश्चित की जाएगी उन्होंने कहा प्रत्येक गोवंश के खाने में हरा चारा का प्रयोग अवश्य करें साथ में साफ सुथरा हौज में पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करें बैठक में मौजूद पालिक कालपी आर आई अजीत सिंह यादव पशु चिकित्सा अधिकारी कदौरा डॉ शरद यादव एडियो पंचायत देवेंद्र सिंह एडियो प्रवीण रतम एडीओ कोऑपरेटिव द्वारका प्रसाद गुप्ता नगर पंचायत कदौरा लिपिक भारत सिंह आदि लोग उपस्थित थे।

## मेरा युवा भारत पंजीयन एवं जागरूकता अभियान के तहत सेंट्रल लाइब्रेरी में युवाओं को दी जानकारी

**ग्वालियर, जीएनएस।**
युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत मेरा युवा भारत केंद्र ग्वालियर से संबद्ध सफल युवा मंडल द्वारा युवाओं को मेरा युवा भारत पोर्टल से जोड़ने एवं पंजीयन के लिए विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में महाराज बाड़े स्थित सेंट्रल लाइब्रेरी में युवाओं को मेरा युवा भारत पोर्टल पर पंजीयन तथा उससे मिलने वाले विभिन्न अवसरों और लाभों की जानकारी दी गई। सफल युवा मंडल के अध्यक्ष अरविंद कुशवाह ने युवाओं को बताया कि 15 से 29 वर्ष की आयु के युवा मेरा युवा भारत पोर्टल पर पंजीयन



कर विभिन्न युवा गतिविधियों, स्वयंसेवा के अवसरों, सीखने के कार्यक्रमों, कौशल विकास, नेतृत्व विकास एवं राष्ट्र निर्माण से जुड़ी गतिविधियों में सहभागिता कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि युवाओं को जुड़ने, सहयोग करने, योगदान देने और सकारात्मक प्रभाव पैदा करने के लिए मेरा युवा भारत एक महत्वपूर्ण मंच उपलब्ध कराता है। उन्होंने युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में पोर्टल पर पंजीयन कर इस अभियान से जुड़ने की अपील की। कार्यक्रम में अनिता जी, यूडीसी एवं समिति प्रभारी, पूजा साहू जी, लाइब्रेरियन, शिवम शर्मा एवं आकाश पाल सहित सेंट्रल लाइब्रेरी का स्टाफ उपस्थित रहा। इस दौरान उपस्थित युवाओं को पंजीयन की प्रक्रिया समझाई गई तथा पंजीयन के दौरान आने वाली समस्याओं के समाधान के लिए सहायता उपलब्ध कराने की जानकारी भी दी गई।

## गुना में इंसानियत शर्मसार: किसान को चप्पलों की माला पहनाकर गांव में घुमाया, सदमे में कीटनाशक पीकर दी जान

**गुना, जीएनएस।**
मध्य प्रदेश के गुना जिले के राघौगढ़ क्षेत्र में सार्वजनिक अपमान और कथित तौर पर मारपीट का एक मामला बेहद दुखद मोड़ ले गया। शादीशुदा महिला के घर से चले जाने के मामले में शक के आधार पर एक किसान को कथित तौर पर बंधक बनाकर पीटा गया, उसके गले में जूते-चप्पलों की माला पहनाई गई और गांव में घुमाया गया। इस घटना का वीडियो करीब डेढ़ महीने बाद सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद किसान ने कथित तौर पर कीटनाशक पीकर जान दे दी।

मामला जंजाली चौकी क्षेत्र के होरिबे गांव का है। करीब डेढ़ महीने पहले गांव की एक शादीशुदा महिला घर से चली गई थी। आरोप था कि वह गांव के ही एक युवक के साथ गई है। महिला के ससुराल पक्ष को शक था कि इस मामले में युवक के चाचा और किसान अजोड़ सिंह बंजारा (45) की भूमिका है। परिजनों का आरोप है कि इसी शक में कुछ लोगों ने अजोड़ सिंह को घर से उठा लिया और घंटों तक उसके साथ मारपीट की। कथित तौर पर उसे बंधक बनाकर गले में जूते-चप्पलों की माला पहनाई गई और पूरे गांव में घुमाया गया। इस दौरान किसी व्यक्ति ने मोबाइल फोन से वीडियो भी बना लिया।

112 टीम ने भीड़ से छुड़ाया था

घटना की सूचना मिलने पर डायल-112 की टीम मौके पर पहुंची और अजोड़ सिंह को भीड़ से छुड़ाकर ले गई थी। पीड़ित ने बाद में पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को लिखित शिकायत भी दी थी।

कुछ समय बाद मामला शांत हो गया, लेकिन परिजनों के मुताबिक घटना का मानसिक आघात अजोड़ सिंह के मन से नहीं गया।

45 दिन बाद वायरल हुआ पुराना वीडियो

परिजनों का आरोप है कि करीब 45 दिन बाद उसी घटना का पुराना वीडियो सोशल मीडिया पर डाल दिया गया। वीडियो तेजी से वायरल हुआ और इसकी जानकारी अजोड़ सिंह को भी हुई। परिजनों के अनुसार वीडियो सामने आने के बाद वह गहरे मानसिक तनाव में रहने लगा था।

उसके चचेरे भाई तोफान सिंह के मुताबिक, अजोड़ बार-बार कहता था कि अब लोग उस पर उंगली उठाएंगे और उसका मजाक उड़ाएंगे। वह समाज में खुद को अपमानित महसूस कर रहा था। इसके बाद उसने कथित तौर पर कीटनाशक पी लिया।

## 15 से 17 तक श्री सीताराम मंदिर पड़ाव दुबे पर होगा ग्रह दोष कालसर्प योग एवं पितृदोष निवारण त्रिदिवसीय अनुष्ठान

अलीगढ़।मां पीतांबरा पीठ तालसपुर गेट रामघाट रोड स्थित अवस्थी ज्योतिष संस्थान की ओर से कालसर्प योग एवं पितृदोष निवारण त्रिदिवसीय अनुष्ठान 15 अगस्त को प्रातः 10 बजे से प्रारंभ होगा।आचार्य आदित्य नारायण अवस्थी ने बताया कि अनुष्ठान शनिवार को श्री सीताराम मंदिर दुबे के पड़ाव में प्रातः दस बजे से सभी देवी-देवताओं का पूजन और पंचांग पीठ एवं नवग्रह पीठ सर्वतोभद्र मंडल चौषठयोगिनी क्षेत्रपाल एवं सभी पीठों का पूजन एवं पार्थिव शिवलिंगों का पूजन व कालसर्प योग यंत्र नाग नागिन के जोड़ों का पूजन अवस्थी ज्योतिष संस्थान के आचार्यों द्वारा विधि विधान से सम्पन्न होगा।16 अगस्त को सभी पीठों का पूजन एवं गाय के दूध से रुद्राभिषेक होगा और गायत्री महामृत्युंजय राहु केतु नाग गायत्री आदि का जप होगा एवं रुद्र महायज्ञ होगा।

17 अगस्त को सभी भक्तगण बस द्वारा गंगा घाट नरौरा के लिए प्रातः नौ बजे प्रस्थान करेंगे वहां पहुंचकर सभी देवी देवताओं का पूजन एवं मां गंगा का पूजन होगा साथ ही मां गंगा की विशाल भव्य महाआरती होगी और फिर भंडारा होगा।आचार्य जी ने कहा कि यह आयोजन सभी भक्तों के कल्याणार्थ सामूहिक अनुष्ठान वर्ष में एक बार होता है इसमें हमें भाग अवश्य लेना चाहिए जोकि सभी कार्यों में बाधा एवं बीमारी दूर करने के लिए किया जाता है।

## नवनिर्वाचित अधिवक्ता संघ बार बेंच मधुर संबंध बनाकर अपने कर्तव्यों के प्रति खरे उतरे

**जालौन, जीएनएस।**
मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि अधिवक्ता संघ अध्यक्ष तथा अधिवक्ताओं एवं गणमान्य लोगों की मौजूदगी में शपथ ग्रहण समारोह बड़े धूमधाम से संपन्न हुआ। शुक्रवार की शाम शपथ समारोह में मुख्य अतिथि अपर जिला जज सतीश चंद्र द्विवेदी ने अपने उद्बोधन में कहा कि कालपी वारसंघ अधिवक्ता सदैव न्यायिक कार्यों में अच्छी भूमिका निभाते रहते है कार्यों के प्रति मुझे जानकारी मिलती रहती है मैं सभी नवनिर्वाचित अध्यक्ष सहित पदाधिकारियो तथा सदस्यों से आवाहन करता हूं की शपथ लेने के उपरांत शपथ की गरिमा बनाकर बार बेंच में अच्छे संबंध बनाकर सभी लोग अपने कार्यों के प्रति खरे उतरने हेतु कहा साथ में उन्होंने तहसील कालपी बार संघ की सराहना भी की विशिष्ट अथिति के रूप में वार संगठन उरई जिला अध्यक्ष ऋषि पटेल ने समारोह की अध्यक्षता करते हुए कहा कि तहसील कालपी के अधिवक्ताओं की कोई भी समस्या हो वह मुझे बताएं मैं उनकी समस्या के लिए सदैव सेवा करने में समर्पित रहूंगा नवनिर्वाचित बार संघ कालपी अध्यक्ष गया दीन अहिरवार ने कहा




कि कालपी के अधिवक्ताओं ने मुझे सहयोग देकर अध्यक्ष अध्यक्ष बनाया है तथा पूर्व में भी अध्यक्ष बनाया था मैं उनकी सेवा के लिए सदैव तत्पर रहूंगा किसी भी अधिवक्ता की समस्या को कभी आड़े नहीं आने दूंगा अधिकारियों से मिलकर कानून के तहत समस्या को हर हाल में निस्तारण कराऊंगा मुख्य अतिथि ने वार संघ अध्यक्ष गयादीन अहिरवार को गोपनीयता की शपथ दिलाई जूनियर डिवीजन सिविल जज अभिषेक चौधरी ने महामंत्री मोहम्मद अमीन को गोपनीयता की शपथ दिलाई कालपी जेएम सुधांशु सिंह ने रविंद्र श्रीवास्तव देवेंद्र श्रीवास्तव दिव्य स्वरूप श्रीवास्तव अमर सिंह आदि पदाधिकारी अधिवक्ताओं को गोपनीयता की।

शपथ दिलाई अधिवक्ता एसोसिएशन पदाधिकारी एवं अन्य अधिवक्ताओं ने मुख्य अतिथि वार सघ जिला अध्यक्ष एवं विशिष्ट अतिथि आदि लोगों का माल्यार्पण कर स्वागत किया तथा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया चुनाव कमेटी अध्यक्ष बृज नारायण तिवारी अनिल पोरवाल आदि पदाधिकारी का माल्यार्पण कर स्वागत किया तथा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया समारोह का संचालन अधिवक्ता सतीश निषाद ने किया समारोह में मौजूद नायब तहसीलदार चंद्र मोहन शुक्ला नायब तहसीलदार मुकेश कुमार पूर्व विधायक नरेंद्र सिंह जादौन पूर्व चेयरमैन कमर अहमद पूर्व बार संघ अध्यक्ष जय किशोर कुलश्रेष्ठ सिद्धन बाबू अधिवक्ता राकेश द्विवेदी रवींद्र श्रीवास्तव दिनेश बाबू श्रीवास्तव राधेश्याम गुप्ता राजेश गुप्ता वीरेंद्र अहिरवार मोहनलाल श्रीवास श्रवण कुमार निगम इकबाल अहमद एमके सैनी आदि लोग उपस्थित थे।

# 'बढ़ते कदम' अभियान से दिव्यांगजनों को मिला आत्मनिर्भरता का संबल

**कृत्रिम अंग सहायता से दिव्यांगजनों को मिली आत्मनिर्भरता की नई राह**

**( संतोष कुमार सिंह )**

**वाराणसी।** भारत विकास परिषद काशी शाखा द्वारा आयोजित सेवा एवं संस्कृति सप्ताह 2026 के अंतर्गत सात अगस्त शुक्रवार को भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति बिरदोपुर में ÷बढ़ते कदम सशक्त और आत्मनिर्भर÷ कार्यक्रम आयोजित किया गया 7 कार्यक्रम का उद्देश्य दिव्यांगजनों के जीवन




में आत्मनिर्भरता,आत्मविश्वास एवं सम्मान की भावना को सशक्त बनाना तथा समाज में सेवा,सहयोग और समरसता की संस्कृति को प्रोत्साहित करना रहा 7 इस अवसर पर कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण प्राप्त करने वाले दिव्यांगजनों का उत्साहवर्धन किया गया तथा उन्हें सम्मानपूर्ण एवं आत्मनिर्भर जीवन जीने के लिए प्रेरित किया गया।

शाखा अध्यक्ष सौरभ जैन ने कहा दिव्यांगजन हमारी संवेदनाओं के नहीं बल्कि हमारी सहभागिता और सहयोग के अधिकार रखते हैं उनका आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता ही समाज की वास्तविक प्रगति का आधार है 7 शाखा सचिव प्रो.डॉ.अमित कुमार सिंह ने कहा भारत विकास परिषद का उद्देश्य सेवा के माध्यम से समाज के प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाना है 7 कृत्रिम अंग सहायता केवल एक उपकरण उपलब्ध कराना नहीं बल्कि किसी के जीवन में नई आशा,नया आत्मविश्वास और नए अवसरों का संचार करना है 7

कार्यक्रम के पर्यवेक्षक भा.प्रद्युम्न शाह रहे 7 कार्यक्रम का संयोजन भा.प्रवीण सिंह, भा.अल्पना अग्रवाल,भा.नितेश सिंह एवं भा.हिमांशु पसरिचा ने किया 7 इस अवसर पर शाखा अध्यक्ष सौरभ जैन,सचिव प्रो. डॉ.अमित कुमार सिंह,महिला संयोजिका संगीता रस्तोगी तथा सेवा एवं संस्कृति सप्ताह 2026 के संयोजक रश्मि शाह, संजीव अग्रवाल ÷मक्कू÷ एवं जीवन खन्ना सहित परिषद के अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

# बेटे की चाह में बेटी के चेहरे पर पड़ा तेज़ाब हौसलों को जला नहीं सका

आज दुनिया में शायद ही कोई ऐसा इंसान होगा जिसका जीवन पूरी तरह से आसान हो। यहां हर किसी के हिस्से में संघर्ष आते ही हैं लेकिन कुछ लोगों के हिस्से में ऐसे दर्द आते हैं जिनकी कल्पना मात्र से रूह कांप उठती है। ऐसे ही असहनीय दर्द को अपने बचपन में झेलने वाली बेटी नीतू आज पूरी दुनिया को यह सिखा रही है कि जीवन की सबसे बड़ी शक्ति सुंदर चेहरा नहीं बल्कि अटूट चरित्र, अडिग आत्मविश्वास और अजेय हौसला होता है। बताया जाता है कि नीतू जब मात्र तीन वर्ष की थी तब बेटे की चाहत में अंधे हो चुके इनके पिता ने इनकी मां, नीतू और इसकी डेढ़ वर्ष की मासूम बहन पर सोते समय तेज़ाब फेंक दिया था। उस एक अमानवीय घटना ने एक परिवार की खुशियां छीन ली, छोटी बहन हमेशा के लिए इस दुनिया से विदा हो गई, मां गंभीर रूप से घायल हो गई और नीतू ने अपने चेहरे के साथ-साथ अपनी दोनों आंखों की रोशनी भी खो दी इस तरह जिस उम्र में बच्चे रंगों से खेलना सीखते हैं उस उम्र में नीतू के जीवन में केवल अंधेरा ही अंधेरा छा गया लेकिन ईश्वर ने इनकी आंखों की रोशनी भले ही छीन ली लेकिन इनके भीतर के उजाले को कोई नहीं छीन सका और इन्होंने अपने दर्द को अपनी पहचान नहीं बनने दिया बल्कि अपने साहस को अपनी सबसे बड़ी पहचान बना लिया। आज़ तेजाब पीड़िता नीतू कहती है कि दुनिया में किसी का भी जीवन आसान नहीं होता इसे आसान बनाना पड़ता है कभी अंदाज़ से तो कभी नज़रअंदाज़ से। नीतू का यह कथन केवल एक कथन नहीं बल्कि जीवन जीने का मंत्र है। यही नहीं इनका एक और संदेश हर संघर्षरत इंसान के लिए संजीवनी है कि जीवन में कभी ऐसे हालात मत बनने दीजिए जो आपके हौसले बदल दें बल्कि हौसला ऐसा रखिए कि आपके हालात बदल जाएं। समाज में बेटा और बेटी में भेद के सोच से उपजने वाली यह एक परिवार की त्रासदी होकर भी उस सोच पर करारा तमाचा है जो आज भी बेटियों को बेटों से कम समझती हैं।

# नयागांव थाने की नाक के नीचे रेत का फिक्स रेट, ट्रैक्टर 500 डंफर 1000.ओवर लोड डंफर 5000

भिंड जिले के नयागांव थाना क्षेत्र में रेत माफिया का खेल खुलेआम चल रहा है। आरोप है कि थाने से कुछ ही दूरी पर अवैध रेत उत्खनन और परिवहन धड़ल्ले से हो रहा है और इसी के साथ हर वाहन से फिक्स रेट पर वसूली भी की जा रही है।

स्थानीय लोगों और सूत्रों के अनुसार क्षेत्र में रेत से भरे वाहनों के लिए रेट तय कर दिए गए हैं। रेत भरे ट्रैक्टर से 500 रुपये, डंफर से 1000 रुपये और बिना रॉयल्टी वाले डंफर से 5000 रुपये तक वसूले जा रहे हैं। दावा है कि रोजाना इस तरह लाखों रुपये की अवैध वसूली की जा रही है।

सबसे गंभीर आरोप यह है कि पूरे क्षेत्र में वसूली के लिए बिना नंबर की एक गाड़ी का इस्तेमाल किया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि इसी गाड़ी से अलग-अलग घाटों और रास्तों पर जाकर कलेक्शन किया जाता है। इसी वजह से नदी से अवैध खन भी बेखौफ चल रहा है।

लोगों का कहना है कि पुलिस की गाड़ियां इन रास्तों से रोज गुजरती हैं लेकिन रेत से लदे ट्रैक्टर और डंफर बेरोकटोक आते-जाते हैं। कार्रवाई के नाम पर कभी-कभार सिर्फ दिखावे की जांच होती है। इसका सीधा असर शासकीय राजस्व पर पड़ रहा है। करोड़ों रुपये का नुकसान हो रहा है और आम जनता को महंगे दाम पर रेत खरीदनी पड़ रही है।

इस पूरे मामले को लेकर नयागांव थाना और एसपी भिंड से पक्ष जानने की कोशिश की गई लेकिन खबर लिखे जाने तक कोई जवाब नहीं मिला।

स्थानीय नागरिकों ने डीजीपी मध्य प्रदेश और मुख्य सचिव से मांग की है कि मामले की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए और दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर सख्त कार्रवाई की जाए।

# हजीरा पार्टी कार्यालय से पदयात्रा आयोजित

**ग्वालियर, जीएनएस।**

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय आव्हान बदलाव जरूरी है के तहत 01 सितंबर को दिल्ली में विशाल रैली और आमसभा के पूर्व देश भर में 6 से 14 अगस्त तक पदयात्राओं के निर्णय का जिला ग्वालियर में दूसरे दिन भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी कार्यालय हजीरा ग्वालियर से शाम 5ः00 बजे प्रारंभ होकर विभिन्न मोहल्लों में पदयात्रा, पर्चा वितरण, नुक्कड़ सभाये की गई । नुक्कड़ सभा को कॉम कौशल शर्मा,कॉम अशोका पाठक,को अनवर खान ने संबोधित किया। पदयात्रा का नेतृत्व जिला परिषद सदस्य ग्वालियर के कॉम प्रकाश वर्मा कॉम जालिम सिंह एवं महिला नेत्री कॉम ज्ञान देवी वर्मा ने किया।

कॉमरेड कौशल शर्मा एडवोकेट म प्र राज्य कार्यकारिणी सदस्य ने जानकारी देते हुए कहा कि केंद्र में भारतीय जनता पार्टी के सत्तारूढ़ होने के बाद भारत के संवैधानिक मूल्यों, लोकतन्त्र , अभिव्यक्ति की आज़ादी, सामाजिक न्याय, समाजवाद , धर्म



निरपेक्षता, सार्वजनिक क्षेत्र, मेहनतकश जनता के हितों पर संकट पैदा किया है । छात्र और नौजवानों पर आंदोलन के दौरान क्रूरता पूर्वक हमले किए जा रहे हैं। लगातार बढ़ती महंगाई , बेरोजगारी और भ्रष्टाचार से आम जनता त्रस्त है। संवैधानिक संस्थाओं की गरिमा को ध्वस्त किया गया है। मीडिया संस्थानों को एवं निर्वाचन आयोग पर सरकार का पूर्ण कब्जा हो गया है जिसको जनता भी महसूस कर रही है ।भारत सरकार की अमेरिकी साम्राज्यवाद परस्त नीतियों से सारी दुनिया में भारत की छवि पर आंच आई है।

केन्द्र और राज्यों में सत्तारूढ़ भाजपा सरकारों द्वारा राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का फासीवादी एजेंडा भारत की जनता पर थोपा गया है।

ऐसे संकट के समय में जनहित के लिए हमारी प्रतिबद्धता और फासीवाद के प्रतिरोध के संकल्प की अभिव्यक्ति तथा मेहनतकश जनता की पक्षधर राजनीतिक चेतना के व्यापक प्रचार प्रसार के लिए

पदयात्रा की जा रही है। पदयात्रात राष्ट्रीय स्तर की समस्याओं महिला आरक्षण लागू करो, जल जंगल जमीन पर आदिवासियों के पारंपरिक स्वामित्व की रक्षा करो, दलितों आदिवासियों को न्याय दो, वन भूमि का निजीकरण बंद करो, शिक्षा का राष्ट्रीयकरण करो, सबको शिक्षा एक समान हो, परीक्षाओं में धांधली और भ्रष्टाचार बंद करो, सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं का निजीकरण बंद करो, मतपत्र बहाल करो, लोकतंत्र बचाओ, कीमतों पर लगाम लगाओ, हर युवा को रोजगार दो ,समान काम का समान वेतन दो, किसानों को कानूनी गारंटी के साथ फसल पर न्यूनतम समर्थन मूल्य दो ,किसानों को खाद बीज बिजली की आपूर्ति सस्ती दरो पर देना सुनिश्चित करो, मजदूरों के अधिकारों की रक्षा करो, बिजली की दरों को कम करो ,बिजली की दरों में एकरूपता कायम करो, सार्वजनिक क्षेत्र का निजीकरण बंद करो राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का एजेंडा जनता पर थोपना बंद करो, मध्य प्रदेश में पेट्रोलियम पदार्थों पर टैक्स कम करो, विभिन्न सरकारी विभागों में लाखों रिक्त पदों पर नियुक्ति करो, अल्पसंख्यकों पर अत्याचार बंद करो, मध्य प्रदेश राज्य परिवहन निगम पुनः का शुरू करनेका वायदा पूरा करो, सांप्रदायिकता और नफरत फैलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करो, ग्वालियर शहर की सड़कों की हालत जर्जर है आए दिन दुर्घटनाये हो रही है शीघ्र सुधार करो,।

## कार्य में लापरवाही बरतने पर राजस्व लिपिक श्री खटके को कारण बताओ सूचना पत्र जारी

**ग्वालियर।** लीज नवीनीकरण के प्रकरणों में लापरवाही बरतने पर लिपिक राजस्व विभाग श्री ललित खटके को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय द्वारा जारी आदेशानुसार लिपिक राजस्व विभाग श्री ललित खटके द्वारा लीज नवीनीकरण के आवेदनों पर समय-सीमा में आवश्यक कार्यवाही नही की जा रही है। लीज नवीनीकरण के प्रकरणों के संबंध में पूर्व में आयोजित राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक में समय-समय पर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये थे।

# निगमायुक्त ने किया आमजनों से संवाद, किया पौधरोपण

**ग्वालियर, जीएनएस।**

मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान अंतर्गत नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय ने शुक्रवार की सुबह महलगांव पहाड़ी पर बनी मल्टी का औचक निरीक्षण किया, इस दौरान उन्होंने आम जनों से संवाद किया, साथ ही पौधरोपण किया। इसके बाद नगर निगम आयुक्त ने क्षेत्रीय कार्यालय क्रमांक 6 का निरीक्षण किया और अधिकारियों को दिशा निर्देश



दिए।निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त श्री मनीष सिकरवार, भवन अधिकारी श्री बृजकिशोर त्यागी, सहायक यंत्री श्री रामसेवक शक्य, श्री अमित गुप्ता, क्षेत्राधिकारी श्री आशीष राजपूत सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

महलगांव स्थित मल्टी का नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय ने निरीक्षण किया, इस दौरान उन्होंने आमजनों से जनसंवाद किया और वहां की परेशानियां जानी, इसके बाद नगर निगम आयुक्त ने सभी परेशानियों को हल करने का आश्वासन दिया। इसके बाद उन्होंने वहां पर बच्चों से संवाद किया और उनकी पढ़ाई आदि के बारे में पूछा, इसके बाद आम जनों के साथ मिलकर पार्क में पौधरोपण किया। इसके बाद उन्होंने क्षेत्रीय कार्यालय क्रमांक 6 का निरीक्षण किया; निरीक्षण के दौरान उन्होंने बिल्डिंग की स्थिति देखी, साथ ही सभी फाइलों को चेक किया। इसके बाद उन्होंने पडाव चौराहे पर नाला निर्माण कार्य को देखा और अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण कार्य कराने के निर्देश दिए।




# शिवपुरी पोहरी रोड रेलवे ओवरब्रिज पर सिंगल लेयर ब्लॉक दीवार पर उठे सवाल, गुणवत्ता और सुरक्षा को लेकर जनता में चिंता

**शिवपुरी, जीएनएस।**

शहर के पोहरी रोड रेलवे ओवरब्रिज निर्माण कार्य में बनाई जा रही सिंगल लेयर इंटरलॉकिंग ब्लॉक रिटेनिंग वॉल को लेकर स्थानीय लोगों और तकनीकी जानकारों के बीच सवाल उठने लगे हैं। निर्माण में जहां पुल के दोनों तरफ के हिस्से में एक ही लेयर में ब्लॉक लगाकर दीवार बनाई जा रही है, जबकि अनेक जगह अन्य स्थानों पर इसी प्रकार के निर्माण में डबल लेयर ब्लॉक का उपयोग देखा गया है।सिंगल लेयर इंटरलॉकिंग ब्लॉक के इस से निर्माण की गुणवत्ता और भविष्य की सुरक्षा पर चिंता एवं चर्चा शुरू हो गई है।

निर्माण स्थल पर जियोग्रिड, गिट्टी और सिंगल इंटरलॉकिंग ब्लॉक का उपयोग किया जा रहा है लेकिन विशेषज्ञों का मानना है कि किसी भी रिटेनिंग वॉल की मजबूती केवल ब्लॉक पर नहीं, बल्कि उसकी इंजीनियरिंग डिजाइन, जियोग्रिड की लंबाई, बैकफिल सामग्री, कम्पैक्शन, जल निकासी व्यवस्था और नींव की गुणवत्ता पर निर्भर करती है।

जनता का कहना है कि रेलवे ओवरब्रिज जैसे महत्वपूर्ण सार्वजनिक निर्माण में यदि कहीं भी गुणवत्ता से समझौता हुआ तो भविष्य में दीवार के झुकने, धंसने या ब्लॉक खिसकने जैसी गंभीर समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। इसलिए निर्माण एजेंसी को सभी तकनीकी मानकों का पालन सुनिश्चित करते हुए पारदर्शिता बरतनी चाहिए।

जनहित के 10 महत्वपूर्ण सवाल



1. क्या सिंगल लेयर ब्लॉक दीवार का डिजाइन सक्षम इंजीनियर द्वारा स्वीकृत किया गया है?

2. क्या जियोग्रिड की लंबाई और परतें मानकों के अनुरूप डाली गई हैं?

3. ब्लॉकों के पीछे किस प्रकार की बैकफिल सामग्री का उपयोग किया जा रहा है क्या वह उचित मानकों को पूर्ण करता है?

4. क्या प्रत्येक परत का निर्धारित मानकों के अनुसार कम्पैक्शन किया गया है?

5. दीवार की नींव कितनी गहराई और किस डिजाइन के अनुसार बनाई गई है?

6. क्या यह निर्माण रेलवे एवं भारतीय सड़क कांग्रेस (ढ्ढक्रष्ट) के मानकों के अनुरूप है?

7. क्या दीवार की ऊंचाई के अनुसार सिंगल लेयर ब्लॉक पर्याप्त हैं?

8. क्या ब्लॉक, जियोग्रिड और अन्य सामग्री की गुणवत्ता की स्वतंत्र जांच कराई गई है?

9. क्या जल निकासी (ड्रेनेज) की समुचित व्यवस्था की गई है ताकि वर्षा का पानी दीवार पर दबाव न बनाए?

10. क्या भविष्य में दीवार के झुकने, धंसने या ब्लॉक खिसकने की संभावना का तकनीकी परीक्षण किया गया है?

नागरिकों का कहना है कि पुल जैसे महत्वपूर्ण सार्वजनिक निर्माण में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार्य नहीं होना चाहिए। लोगों ने मांग की है कि संबंधित विभाग स्वतंत्र तकनीकी जांच कराकर यह स्पष्ट करे कि सिंगल लेयर ब्लॉक दीवार स्वीकृत डिजाइन और भारतीय मानकों के अनुरूप बनाई जा रही है या नहीं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि निर्माण पूरी तरह तकनीकी मानकों के अनुसार है, तो विभाग को इसकी जानकारी सार्वजनिक करनी चाहिए ताकि लोगों की शंकाएं दूर हो सकें। वहीं यदि कहीं भी गुणवत्ता में कमी पाई जाती है, तो संबंधित जिम्मेदार अधिकारियों और ठेकेदार के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जानी चाहिए। जनता ने प्रशासन से मांग की है कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता की निष्पक्ष जांच कराई जाए और पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता बरती जाए, ताकि करोड़ों रुपये की लागत से बन रहे इस पुल की मजबूती और आमजन की सुरक्षा पर भविष्य में कोई प्रश्नचिह्न न लगे। शिवपुरी पोहरी रोड रेलवे क्रॉसिंग ब्रिज निर्माण कार्य में लगे स्ध्ठ्ठ भावना जोशी से चर्चा हुई तो उन्होंने बताया कि हमारा काम चीफ इंजीनियर भोपाल द्वारा अनुमोदित डिजाइन अनुसार करवाया जा रहा है इसमें हम कुछ नहीं कर सकते अब सवाल यह उठता है क्या चीफ इंजीनियर भोपाल ने सिंगल लेयर ब्लॉक लगाने का आदेश दिया है?

# रक्षाबंधन पर एक संकल्प — रिश्ते की सबसे खूबसूरत सौगात

इस रक्षाबंधन अपने भाई की कलाई पर सिर्फ राखी नहीं बाँधें, बल्कि उससे एक ऐसा वचन भी माँगें, जो उसके पूरे जीवन को खुशहाल बना दे -

भैया, मुझे उपहार में आपना नशामुक्त जीवन चाहिए।÷

प्रिय भाइयों,

अपनी बहन की राखी और उसके विश्वास का सम्मान करते हुए इस रक्षाबंधन पर अपनी बहन को वचन दें - ?? ÷न नशा करेंगे, न नशा करने देंगे।÷

क्योंकि नशा सिर्फ एक व्यक्ति को नहीं, बल्कि पूरे परिवार की खुशियों, रिश्तों और भविष्य को प्रभावित करता है।

इस रक्षाबंधन अपनी बहन को ऐसा उपहार दें, जिसकी कीमत कोई नहीं लगा सकता–

?? स्वस्थ जीवन, सुरक्षित परिवार और नशामुक्त भविष्य।

आइए, भाई-बहन मिलकर संकल्प लें -

?? नशे को ना, जीवन को हाँ।

?? नशामुक्त परिवार, नशामुक्त समाज।

?? इस रक्षाबंधन राखी के धागे के साथ नशामुक्ति का संकल्प भी बाँधें।

नशामुक्त समाज – हम सबकी जिम्मेदारी।

कृपया शेयर कीजिए जिससे यह संदेश हर भाई-बहन तक पहुंच जाये। ??

# कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग ने किया रक्तदान, सेवा संकल्प अभियान जारी

भारत सागर न्यूज/देवास। मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के आह्वान पर राज्यसभा सांसद एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष इमरान प्रतापगढ़ी के जन्मदिवस को सेवा संकल्प के रूप में मनाए जा रहे तीन दिवसीय कार्यक्रम के दूसरे दिन महात्मा गांधी चिकित्सालय में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। इस दौरान कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक दर्जनों यूनिट रक्तदान कर इमरान प्रतापगढ़ी के उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना की। पूर्व शहर अध्यक्ष हाजी शाहीद शेख (गोलू हाजी) ने बताया कि प्रदेश प्रभारी आबिद कागजी, सहप्रभारी लियाकत अली गद्दी, प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट शेख अलीम तथा जिला प्रभारी जाहिर पठान (मंदसौर) के मार्गदर्शन एवं मंशानुरूप देवास शहर कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग द्वारा तीन दिवसीय सेवा संकल्प कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।रक्तदान कार्यक्रम में देवास विधानसभा के पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी प्रदीप चौधरी की उपस्थिति में पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने समाजसेवा का संकल्प लेते हुए रक्तदान किया। कार्यक्रम की रूपरेखा सलमान बेग ने प्रस्तुत करते हुए बताया कि सेवा संकल्प अभियान के तहत 7 अगस्त को शंकरगढ़ की पहाड़ी पर वृक्षारोपण किया जाएगा।

# अव्यवस्थाओं के खिलाफ ABVP का कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन

शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय और छात्रावास में लंबे समय से चली आ रही विभिन्न समस्याओं एवं अव्यवस्थाओं के विरोध में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रतिनिधिमंडल एवं महाविद्यालय के छात्रों ने शनिवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन कॉलेज एवं छात्रावास प्रशासन की लापरवाही तथा विद्यार्थियों को हो रही मूलभूत सुविधाओं की समस्याओं के खिलाफ किया गया। इस दौरान छात्रों ने कॉलेज एवं छात्रावास प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए जिला अधिकारी के नाम एस डी एम को ज्ञापन सौंपा।



॔क्द्भक्क द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया कि महाविद्यालय एवं छात्रावास में लंबे समय से विद्यार्थियों को विभिन्न मूलभूत सुविधाओं के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई बार समस्याओं को कॉलेज प्रशासन के संज्ञान में लाने के बावजूद उनका उचित एवं स्थायी समाधान नहीं किया गया।

ज्ञापन में प्रमुख रूप से छात्रावास में बिजली की समस्या, साफ-सफाई का अभाव, गंदगी के कारण सांप आदि आने की समस्या, पानी की समस्या, कक्षाओं एवं लैब की सुविधाओं का सुचारू रूप से उपलब्ध न होना, कॉलेज स्टाफ का समय पर उपस्थित नहीं होना तथा प्राचार्य के समय पर कॉलेज में उपस्थित नहीं रहने जैसी समस्याओं को प्रमुखता से उठाया गया।

इस दौरान नगर सह मंत्री गिरजेश पचौरी ने कहा कि कॉलेज एवं छात्रावास प्रशासन द्वारा विद्यार्थियों की मूलभूत सुविधाओं को लेकर लगातार लापरवाही बरती जा रही है। विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना कॉलेज प्रशासन की जिम्मेदारी है। छात्रों की समस्याओं को किसी भी स्थिति में नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। यदि जल्द से जल्द समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा आगे आंदोलन किया जाएगा।

सचिन शर्मा ने कहा कई बार कॉलेज प्रशासन को लिखित में शिकायत दी गई, लेकिन सिर्फ आश्वासन मिला। छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं होगा। जल्द से जल्द समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो॔क्द्भक्क उग्र आंदोलन करेगी ABVP ने जिला प्रशासन से मांग की कि कॉलेज एवं छात्रावास की व्यवस्थाओं का तत्काल निरीक्षण कराकर विद्यार्थियों की सभी समस्याओं का शीघ्र समाधान कराया जाए तथा जिम्मेदार प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा व्यवस्थाओं को सुचारू किया जाए। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने स्पष्ट किया कि विद्यार्थियों के हित एवं उनकी मूलभूत सुविधाओं के लिए परिषद लगातार आवाज उठाती रहेगी। यदि समस्याओं का जल्द निराकरण नहीं किया गया तो विद्यार्थी परिषद द्वारा चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी संबंधित प्रशासन की होगी।

# बेटी है तो कल है संस्था ने किया 31 छात्राओं को सम्मानित

**ग्वालियर, जीएनएस।**

बेटी है तो कल है सामाजिक संस्था परिवार द्वारा आज चार शहर का नाका पी एच ई कॉलोनी स्थित न्यू मदर टेरेसा स्कूल में उत्कृष्ट छात्रा सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य रूप से थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह तोमर,विशिष्ट अतिथि योगेन्द्र सिंह तोमर,संजय धवन, प्रवीण पवार,प्राचार्य आशा बृजेन्द्र सेंगर, एवं मनोज परिहार रहे। अध्यक्षता संस्था संयोजक डॉ वंदना भूपेन्द्र प्रेमी ने की। कार्यक्रम का संचालन अवदेश चौरसिया एवं आभार सीमा शर्मा ने व्यक्त किया। सर्व प्रथम अतिथियों द्वारा मां सरस्वती पूजन कर दीप प्रज्ज्वलित किया तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत विद्यालय संचालक ब्रजेन्द्र सिंह सेंगर द्वारा किया गया। इस अवसर पर संजय धवन ने कहा कि संस्था का कार्य सराहनीय है। वही मंडल अध्यक्ष योगेंद्र सिंह तोमर ने भी आज सम्मानित होने वाली सभी छात्रों को बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। वही प्रवीण पवार एवं मनोज परिहार ने भी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर संस्था संयोजक डॉ वंदना भूपेन्द्र प्रेमी ने कहा कि संस्था प्रतिवर्ष यह आयोजन करती है और निरंतर करती रहेगी।अभी तक दस हजार से ज्यादा बेटियों को मेरे द्वारा सम्मानित किया जा चुका है।ओर इस वर्ष भी 2100 छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। मुख्य रूप से उपस्थिति थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि आज में पहली बार संस्था के कार्यक्रम में उपस्थित हुआ हु।बा मुझे यह जानकार अच्छा लगा कि ग्वालियर की कोई ऐसी भी संस्था है ।








## नैरेटिव बन रहा है, कुछ तो जरूर होगा!

अब हवा में फिर सवाल तैर रहे हैं,
गलियों में फिर कयास ठहर रहे हैं।
सरकार चुप है और चेहरे गंभीर हैं,
हमें तो ये लगता है कि पर्दे के पीछे,
कुछ नए–नवेले तीर तैयार हो रहे हैं।
बैठक पर बैठक, चर्चा पर हैं चर्चा,
खबरों में रहस्य, सियासत में गर्मी।
यूं कभी सुरक्षा व सीमाओं की बात,
यारों अब हर संकेत में ढूँढ़ी जा रही,
किसी बहुत बड़े फैसले की आहट।
कहते हैं–卐कुछ बड़ा होने वाला है卐,
वे यह भी कहते हैं–卐तैयारी पूरी है卐,
मगर आज सवाल यही है आखिर–
क्या? वर्तमान में हरेक खामोशी को,
सनसनी आयाम बनाना जरूरी है?
ये नैरेटिव भी आज अजीब चीज है,
पहले खबर बनती है व फिर माहौल,
फिर माहौल से ही उम्मीदें जगती हैं।
और अंत में यहीं जनता पूछती है–
卐अरे बताओ आखिर में हुआ क्या?卐

संजय एम तराणेकर
(कवि, लेखक व समीक्षक)

ग्राम पंचायत बीडसरकार में मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान का हुआ शुभारंभ

# जनता का विश्वास ही 'मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान' का मुख्य उद्देश्य

**ग्वालियर, जीएनएस।**

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा आमजन की समस्याओं का तत्काल निराकरण के लिए मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान का शुभारंभ 07 अगस्त से किया गया है। जनता का विश्वास ही मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान का मुख्य उद्देश्य है। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान अंतर्गत आयोजित शिविर में समस्याओं का तत्काल निराकरण कराया जा रहा है। यह बात पूर्व राज्यमंत्री एवं मुंगावली विधायक श्री बृजेंद्र सिंह यादव ने शुक्रवार को ग्वालियर संभाग के अशोकनगर जिले के अंतर्गत जनपद पंचायत मुंगावली की ग्राम पंचायत बीडसरकार में आयोजित मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में कही।

इस अवसर पर शिविर में आयुक्त ग्वालियर संभाग श्री मनोज खत्री, कलेक्टर श्री साकेत मालवीय, पुलिस अधीक्षक श्री राजीव कुमार मिश्रा, जनपद अध्यक्ष श्रीमती विजयालक्ष्मी जैन सहित जनप्रतिनिधिगण, अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

शिविर में मुंगावली विधायक श्री बृजेंद्र सिंह यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव द्वारा मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान का शुभारंभ किया गया है। यह अभियान 08 जनवरी 2027 तक संचालित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान का मतलब जनता का विश्वास है। शिविर में आमजन को ये विश्वास होना चाहिए कि हम शिविर में गए और वहां पर हमने आवेदन दिया और उसका मौके पर ही निराकरण किया गया।मुख्यमंत्री की मंशा है कि अभियान के माध्यम से आमजन की समस्याओं का शिविर के माध्यम से समाधान करना है। उन्होंने कहा कि शिविर में आमजन से प्राप्त आवेदनों का तत्काल मौके पर ही निराकरण या समस्या का समाधान करना है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि हम जनता की सेवा के लिए हैं, यही शासन की मंशा है। उन्होंने कहा कि शासकीय योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को मिले। इस हेतु आमजन को योजनाओं की जानकारी प्रदान की जाए। उन्होंने शिविर में उपस्थितजनों से आह्वान किया कि बच्चों को अच्छे से पढ़ायें लिखायें और उनके उज्जवल भविष्य को सवारें।



शिविर में आयुक्त ग्वालियर संभाग श्री मनोज खत्री ने हितग्राहियों एवं आमजन से संवाद कर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ की जानकारी। उन्होंने राजस्व संबंधी प्रकरणों,जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र, लाड़ली लक्ष्मी योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, राशन, प्रसूति सहायता, आयुष्मान कार्ड, खाद वितरण, शिक्षा सहित अन्य विभागों की योजनाओं की जानकारी ली एवं अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों एवं स्थानीय कर्मचारियों से योजनाओं,कार्यक्रमों की प्रगति के बारे में विस्तृत जानकारी ली।

**समस्याओं का निराकरण एवं हितलाभ का वितरण**

शिविर में सीएम हेल्पलाइन की 2329 शिकायतें में से 1024 शिकायतों का निराकरण किया गया। साथ ही लोकसेवा गारंटी अंतर्गत 1080 आवेदनों में से 716 आवेदनों का निराकरण किया। शिविर में बीडसरकार ग्राम पंचायत के 40 स्कूली बच्चों के जाति प्रमाण पत्र मौके पर वितरित किए गए। इस दौरान 06 व्यक्तियों के नामांतरण एवं 02 बंटवारा के प्रकरणों का तत्काल निराकरण कराया गया। 05 पात्र हितग्राहियों को पात्रता पर्ची, 02 हितग्राहियों को आहार अनुदान योजना का लाभ, 02 हितग्राहियों को पेंशन स्वीकृत की गई। इसी प्रकार शासन की योजनान्तर्गत 05 रूपये में विद्युत विभाग अंतर्गत 03 नए कनेक्शन प्रदान किये गये। 06 हितग्राहियों को 02-02 लाख रुपए की संबल अनुग्रह राशि, एक प्रकरण में 4 लाख रुपए की अनुग्रह सहायता राशि प्रदान की गई।

**शिविर में प्राप्त आवेदनों का हुआ निराकरण**

मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान अंतर्गत आयोजित शिविर में विभिन्न समस्यामूलक आवेदन विभिन्न विभागों से संबंधित प्राप्त हुए। शिविर में कुल 175 आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त आवेदनों में से मौके पर ही 69 आवेदनों का निराकरण किया गया।



करेरा शिवपुरी। **ग्राम पंचायत बांसगढ़ के सरकारी स्कूल की यह हालत बेहद चिंताजनक है स्कूल परिसर में गंदगी पड़ी हुई है और कीड़े-मकौड़े पनप रहे हैं इसी जगह पर बच्चे पढ़ते हैं और बच्चों के लिए खाना भी बनाया जाता है ऐसी गंदगी में आप देख सकते हैं की कितनी बुरी दुदर्शा हैं संबंधित अधिकारी इस मामले को तत्काल संज्ञान लेकर स्कूल की साफ-सफाई और व्यवस्था दुरुस्त करवाएं ताकि बच्चों को स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण मिल सके इस वीडियो को संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाएं और मामले में जल्द कार्रवाई की जाए।**

# मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान अंतर्गत उचित मूल्य दुकान का निरीक्षण

**श्योपुर, जीएनएस।**

कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा द्वारा मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम के क्रम में आज पाण्डोला स्थित उचित मूल्य दुकान का निरीक्षण किया गया तथा प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना अंतर्गत निशुल्क खाद्यान वितरण की व्यवस्था का आंकलन किया गया। इस अवसर पर एसडीएम श्री गगन सिंह मीणा, तहसीलदार श्री सुरेश राठौर आदि उपस्थित रहें।



कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा द्वारा उचित मूल्य दुकान के निरीक्षण के दौरान राशन विक्रेता को निर्देश दिये कि अगस्त एवं सितंबर माह की राशन सामग्री के एकमुश्त वितरण की सूचना दुकान पर चस्पा की जाये। इसके साथ ही उन्होंने पीओएस मशीन से खाद्यान वितरण की व्यवस्था का जायजा लिया तथा राशन विक्रेता से उपभोक्ता श्री बनवारी सुमन की पीओएस मशीन के माध्यम से खाद्यान पर्ची जनरेट कराई गई।

उपभोक्ता श्री बनवारी सुमन ने बताया कि उसे पात्रता श्रेणी में प्रत्येक सदस्य के मान से 5 किलो खाद्यान मिलता है, परिवार में तीन सदस्य है, इसलिए हर माह 15 किलो खाद्यान की पात्रता है, इस बार दो माह का राशन एक साथ मिला है।

कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा द्वारा उचित मूल्य दुकान पर खाद्यान लेने आये उपभोक्ता श्रीमती भरोसी बाई बैरवा एवं श्रीमती रामकथा बैरवा से भी चर्चा की गई, दोनो उपभोक्ताओं ने बताया कि वे अंत्योदय श्रेणी के उपभोक्ता है, इसलिए उन्हें हर माह प्रति परिवार 35 किलो खाद्यान मिलता है, इस बार दो माह का 60 किलो गेंहू और 10 किलो चावल मिला है। मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान अंतर्गत जनसंवाद कार्यक्रम से पूर्व अधिकारियों द्वारा कलस्टर क्षेत्र के ग्रामों के भ्रमण कर विभिन्न शासकीय योजनाओं, सुविधाओं एवं सेवाओं का आंकलन भी करना है। इसी क्रम में कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा सहित अन्य अधिकारियों द्वारा जनसंवाद कार्यक्रम से पूर्व आवंटित ग्रामों का भ्रमण किया गया।

# मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान अंतर्गत अलापुरा में जनसंवाद आयोजित

**श्योपुर, जीएनएस।**

कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान अंतर्गत आज पहला कार्यक्रम श्योपुर विकासखण्ड क्षेत्र के ग्राम अलापुरा में संपन्न हुआ। मिडिल स्कूल परिसर अलापुरा में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान कलस्टर में शामिल ग्राम पंचायत अलापुरा सहित फिलोजपुरा, हिरनीखेडा, लूण्ड, लुहाड, मेखडाहेडी, पाण्डोला, पाण्डोली, राडेप, रामगांवडी, तलावडा, तुलसैफ, उतनवाड एवं दुबडी के ग्रामीण मौजूद रहें। इस दौरान मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना सहित पेंशन योजनाओं के आवेदन मौके पर ही निराकृत किये गये तथा 196 लोगों को आयुष्मान कार्ड का वितरण किया गया, शिविर में 33 किसानों की फार्मर रजिस्ट्री भी मौके पर ही बनाई गई, इसके साथ ही 04 व्यक्तियो के आधार अपडेशन एवं नवीन आधारकार्ड बनाकर दिये गये।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गुड्डी बाई आदिवासी, भाजपा जिला अध्यक्ष श्री शशांक भूषण, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री नीरज जाट, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष श्री अशोक गर्ग एवं डॉ गोपाल आचार्य, जिला पंचायत सदस्य श्री गिरधारी बैरवा, भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष श्री गौरीशंकर मीणा, पूर्व किसान मोर्चा अध्यक्ष श्री महावीर मीणा, जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि श्री सुरेन्द्र मीणा, अलापुरा सरपंच श्री मुरारीलाल बैरवा सहित अन्य पंचायतों के सरपंचगण, सचिव, रोजगार सहायक आदि विभागों के मैदानी अमले के कर्मचारी उपस्थित रहें। इसके साथ ही डीएफओ सामान्य श्री केएस रंधा, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद, अपर कलेक्टर श्री रूपेश उपाध्याय, एसडीएम श्री गगन सिंह मीणा एवं सहायक नोडल अधिकारी एवं एसडीएम कराहल श्री बीएस श्रीवास्तव, एसडीओपी बडौदा श्री अवनीत शर्मा, श्योपुर श्री राजीव गुप्ता सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहें।

कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा ने जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान उपस्थित ग्रामीणों से संवाद करते हुए कहा कि अलापुरा में नलजल योजना की टेस्टिंग का कार्य चल रहा है तथा टेस्टिंग के दौरान आने वाली समस्याओं को दूर कर 15 दिवस में नलजल योजना को शुरू कर दिया जायेगा। इसके साथ ही उन्होंने ग्रामीणों की मांग पर कहा कि अलापुरा में हाईस्कूल को हायर सैकेण्डरी में अपग्रेड करने का प्रस्ताव शिक्षा विभाग के माध्यम से भेजा जायेगा। इसके साथ ही उन्होंने पाण्डोला में मृत पशुओं के निस्पादन हेतु भूमि आवंटन का प्रस्ताव तहसीलदार श्री सुरेश राठौर को तैयार करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि अभियान के तहत कलस्टर क्षेत्र अलापुरा की विभिन्न ग्राम पंचायतों का जायजा अधिकारियों के दलों द्वारा लिया गया है, जिसके माध्यम से विभिन्न प्रकार की सुविधाओं और सेवाओं को बढाये जाने और बेहतर बनाये जाने के लिए कार्य किया जायेगा। उन्होंने कहा कि गांव के आंतरिक मार्गो के सुधार के संबंध में जनपद पंचायत को निर्देशित किया गया है।

जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गुड्डी बाई आदिवासी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि कोई भी पात्र व्यक्ति कल्याणकारी योजनाओं के लाभ से वंचित न रहें, इसी क्रम में मध्यप्रदेश की सरकार द्वारा यह कार्यक्रम चलाया गया है, जिसका लाभ ग्रामीणों को मिलेगा।

भाजपा जिला अध्यक्ष श्री शशांक भूषण ने कहा कि अभियान के तहत प्रत्येक शुक्रवार को शिविर आयोजित होंगे, शासन की मंशा अनुसार इन शिविरों के माध्यम से लोगों को लाभ देने का कार्य किया जा रहा है, साथ ही विभिन्न योजनाओं की मॉनीटरिंग भी होंगी। उन्होंने कहा कि आज हो रही बारिश से किसानों को लाभ मिलेगा तथा बारिश के बावजूद बडी संख्या में लोगों की जनसंवाद कार्यक्रम में उपस्थिति प्रशंसनीय हैं।

जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री नीरज जाट ने मुख्यमंत्री जनविश्वास कार्यक्रम को शासन का जनता से सीधे संवाद वाला कार्यक्रम बताते हुए कहा कि इससे उन लोगों को योजनाओं का लाभ मिलेगा, जो किसी न किसी तकनीकी कारण से लाभ लेने से शेष है। भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष श्री अशोक गर्ग ने कहा कि समस्याओं के समाधान के साथ ही मांगों की पूर्णता के लिए यह अभियान लाभदायक है, प्रत्येक शुक्रवार को जिले के सभी अधिकारी कलस्टर लेबल पर लोगों की समस्याओं का न केवल समाधान करेंगे, बल्कि योजनाओं में लाभ प्रदान करने का कार्य भी किया जायेगा।

कार्यक्रम के अंत में सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद द्वारा ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया गया तथा जनसंवाद कार्यक्रम का संचालन सीईओ जनपद श्री एसएस भटनागर द्वारा किया गया। शासन की मंशानुसार अलापुरा में सादगीपूर्ण तरीके से आयोजित शिविर में 72 आवेदन प्राप्त हुए, जिनके एक सप्ताह के अदंर निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये गये है। अलापुरा में आयोजित शिविर के दौरान स्वास्थ्य शिविर में 130 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निशुल्क दवा प्रदान की गई, इसके साथ ही 196 व्यक्तियों को आयुष्मान भारत निरामयम योजना के तहत आयुष्मान कार्ड प्रदान किये गये। अलापुरा में आयोजित शिविर के दौरान श्री हनुमान मीणा, श्री बजरंगलाल नागर, श्री रामकिशन बैरवा, श्री प्रिंस बैरवा निवासी अलापुरा के अपडेशन एवं नवीन आधार कार्ड बनाकर प्रदान किये गये। इसके साथ ही 33 किसानों की फार्मर रजिस्ट्री भी की गई।

### महानगर के सभी अग्रवाल संगठनों को रैली में सहभागिता के लिए किया जाएगा आमंत्रित

# अग्रवाल समाज की जागरण वाहन रैली को लेकर अग्रसेवा संस्थान की बैठक

**ग्वालियर जीएनएस**

अग्रसेवा संस्थान की ओर से आयोजित की जाने वाली अग्रवाल समाज जागरण वाहन रैली की तैयारियों को लेकर रविवार को संस्थान के अध्यक्ष अजय जैन के निवास पर बैठक आयोजित की गई। बैठक में रैली के आयोजन, मार्ग और विभिन्न अग्रवाल संगठनों की सहभागिता को लेकर चर्चा की गई।

बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि ग्वालियर महानगर में कार्यरत सभी अग्रवाल पुरुष एवं महिला संगठनों के पदाधिकारियों से व्यक्तिगत रूप से संपर्क कर उन्हें वाहन रैली में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया जाएगा। साथ ही रैली को सफल बनाने के लिए सभी संगठनों से आवश्यक सहयोग भी लिया जाएगा।

रैली सुबह 8 बजे कोटेश्वर महादेव मंदिर से प्रारंभ होगी। इसके बाद किलागेट, हजीरा, गोले का मंदिर, सात नंबर चौराहा, अग्रसेन चौराहा मुरार, बारादरी, सिल्वर स्टेट सिटी सेंटर, पटेल



नगर, राजमाता विजयाराजे सिंधिया चौराहा, सिटी सेंटर पुल, अचलेश्वर, जयेन्द्रगंज, दाल बाजार, नया बाजार, दौलतगंज, महाराज बाड़ा, जनकगंज, नई सड़क, गस्त का ताजिया, जयेन्द्रगंज और गुरुद्वारा मोती पैलेस होते हुए रैली गोपाल मंदिर फूलबाग पहुंचकर समाप्त होगी।

आयोजकों के अनुसार रैली में करीब 30 टमटम, तीन डीजे और महाराज अग्रसेन जी का रथ शामिल रहेगा। वाहन रैली को केसरिया झंडों, 18 गोत्रों के झंडों और विभिन्न बैनरों से सजाया जाएगा। रैली में शामिल होने वाले समाजबंधुओं को केसरिया दुपट्टा, बैज, अर्धचंद्राकार टोपी और हाथ में पट्टिका दी जाएगी।

रैली के समापन के बाद सभी प्रतिभागियों के लिए भंडारा प्रसादी की व्यवस्था भी की जाएगी। बैठक में अग्रसेवा संस्थान के अध्यक्ष अजय जैन, श्रीराम गोयल, नवल किशोर, रवि गुप्ता, मुकेश अग्रवाल ठाठीपुर, रविशंकर अग्रवाल सहित अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

– श्रीराम गोयल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अग्रसेवा संस्थान, ग्वालियर

# स्कूलों में लगेंगे युवा संस्कार व योग शिविर : पवन गुप्ता



**ग्वालियर जीएनएस**

भारतीय योग संस्थान की जिला ग्वालियर दक्षिण कार्यकारिणी की बैठक रविवार को कोस्मो वैली योग केंद्र पर जिला प्रधान पवन गुप्ता की अध्यक्षता में हुई। बैठक से पहले योग साधना कराई गई। जिला मंत्री राजेश वर्मा ने ठहराव के साथ सूर्य नमस्कार कराया, जबकि जिला संगठन मंत्री रेखा गुप्ता ने प्राणायाम का अभ्यास कराया। जिला मीडिया प्रभारी गिरीश अग्रवाल ने बताया कि प्रांतीय प्रधान लक्ष्मण सिंह परिहार के मार्गदर्शन में संस्थान की ओर से योग के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रांत, क्षेत्र और जिला स्तर पर बैठकें आयोजित की जा रही हैं। बैठक में जिला प्रधान पवन गुप्ता ने कहा कि स्कूलों में बच्चों के लिए युवा संस्कार निर्माण एवं योग शिविर आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि युवाओं में योग के साथ संस्कारों का विकास करना भी जरूरी है।

**बारिश के मौसम में स्वास्थ्य के प्रति सावधानी जरूरी :** पवन गुप्ता ने कहा कि बरसात के मौसम में वात, पित्त और कफ के असंतुलित होने की संभावना अधिक रहती है। उन्होंने अष्टांग हृदयम का संदर्भ देते हुए पानी पीने से संबंधित कुछ नियम बताए। उन्होंने कहा कि सुबह उठकर दो-तीन गिलास पानी पीना, भोजन के करीब एक घंटे बाद पानी पीना, पानी हमेशा घूंट-घूंटकर पीना और ठंडे पानी से बचना स्वास्थ्य के लिए लाभकारी बताया गया है। उन्होंने नियमित योग को भी दिनचर्या का हिस्सा बनाने की बात कही।

**हर माह युवा संस्कार निर्माण शिविर :** बैठक में संगठन की आगामी गतिविधियों को लेकर करीब 15 एजेंडा बिंदुओं पर चर्चा की गई। निर्णय लिया गया कि हर माह युवा संस्कार निर्माण शिविर आयोजित किया जाएगा। सितंबर तक तीन नए योग केंद्रों का विस्तार करने, घर-घर संपर्क कर योग का प्रचार-प्रसार करने और प्रत्येक केंद्र पर सप्ताह में एक बार शुद्धि क्रियाओं का अभ्यास कराने की योजना बनाई गई।

### श्री सनातन धर्म मंदिर में सुबह से उमड़े श्रद्धालु, फलाहारी व्यंजनों का लगाया भोग

# श्रद्धा-भक्तिभाव से मनाई कामदा एकादशी, भगवान का किया मनोहारी श्रृंगार

**ग्वालियर जीएनएस**

श्री सनातन धर्म मंदिर में रविवार को कामदा एकादशी का पर्व श्रद्धा, भक्तिभाव और धार्मिक उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भगवान श्री चक्रधर एवं श्री गिरिराज धरण जी का विशेष पूजन-अर्चन कर मनोहारी श्रृंगार किया गया। सुबह से ही भगवान के दर्शन और पूजन के लिए मंदिर में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा।

कामदा एकादशी पर भगवान को सुनहरी बूटे वाली रानी रंग की आकर्षक पोशाक, जड़ाऊ किनारी से सुसज्जित केसरिया पगड़ी, मोरपंख, श्वेत कलंगी, स्वर्णिम मकराकृति कुंडल, कंगन, मोतियों का कंठा और तुलसी दल की माला धारण कराई गई। भगवान का गेंदा, गुलाब और कमल पुष्पों की मालाओं से भी विशेष श्रृंगार किया गया। मनोहारी स्वरूप के दर्शन कर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे।

मंदिर की राधा रसोई में तैयार किए गए विशेष फलाहारी व्यंजनों का भोग ठाकुर जी को अर्पित किया गया। मुख्य पुजारी पंडित रमाकांत शास्त्री ने श्रद्धालुओं को कामदा एकादशी व्रत की कथा सुनाई। इस दौरान भक्तों ने मंदिर परिसर में विराजमान श्री गिरिराज धरण जी की श्रद्धापूर्वक परिक्रमा कर सुख-समृद्धि, आरोग्य और मनोवांछित फल की कामना की। मंदिर के नियमित भक्तों ने भगवान के चरणों में भावपूर्ण भजन भी प्रस्तुत किए।

मंदिर अध्यक्ष विजय गोयल, प्रधानमंत्री रमेशचंद्र गोयल 'लल्ला', कोषाध्यक्ष राकेश बंसल एवं धर्म मंत्री रविंद्र सिंघल चौबे ने बताया कि श्रावण माह के दौरान मंदिर में विभिन्न धार्मिक एवं आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में भक्तों के लिए रुद्राभिषेक मनोरथ पूजन का विशेष आयोजन किया जा रहा है। आरती के बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।

इस अवसर पर संयुक्त अध्यक्ष हरिशंकर सिंघल, मनोज सांघी, शैलेंद्र बंसल, नरेंद्र सिंघल सहित मंदिर के पदाधिकारी एवं श्रद्धालु मौजूद रहे।

# डीआरडीओ गेट के पास 2.20 किलो गांजा के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**ग्वालियर जीएनएस**

अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत मोहना थाना पुलिस ने करई-पाटई रोड स्थित डीआरडीओ गेट के पास चेकिंग के दौरान बाइक सवार दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 2 किलो 20 ग्राम गांजा बरामद किया है। जब्त गांजे की कीमत करीब 30 हजार रुपए बताई गई है। पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त बिना नंबर की बजाज पल्सर बाइक भी जब्त की है। कुल जब्त मशरूका की कीमत करीब 1.30 लाख रुपए है।

पुलिस के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह के निर्देश पर जिले में मादक पदार्थों की खरीद-फरोख्त करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण जयराज कुबेर ने थाना प्रभारियों को रेंडम वाहन चेकिंग कर संदिग्धों की तलाशी के निर्देश दिए थे।

एसडीओपी घाटीगांव शैलेंद्र शर्मा के मार्गदर्शन और थाना प्रभारी मोहना निरीक्षक विनय सिंह तोमर के नेतृत्व में 9 अगस्त को पुलिस टीम को करई-पाटई रोड स्थित डीआरडीओ गेट के पास चेकिंग के लिए तैनात किया गया था। इसी दौरान करई-पाटई की ओर से एक बाइक पर दो संदिग्ध युवक आते दिखाई दिए। पुलिस ने घेराबंदी कर दोनों को रोक लिया। पूछताछ में बाइक चालक ने अपना नाम नरोत्तम जाटव (24) निवासी ग्राम सहसराम, थाना गसवानी, जिला श्योपुर और पीछे बैठे युवक ने मोनू परिहार (35) निवासी ग्राम कुँवरपुर, थाना सिरसौद, जिला शिवपुरी बताया। तलाशी के दौरान मोनू परिहार के पास मिले थैले से गांजा बरामद हुआ। पूछताछ में उसने गांजा बिक्री के लिए ले जाना बताया। इलेक्ट्रॉनिक कांटे से तौल करने पर गांजे का वजन 2 किलो 20 ग्राम निकला। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ थाना मोहना में एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 के तहत प्रकरण दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस अब गांजे की सप्लाई और इसके नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों के संबंध में जानकारी जुटा रही है।

### 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत निकली विशाल तिरंगा यात्रा, जनप्रतिनिधि, अधिकारी, पूर्व सैनिक और बड़ी संख्या में नागरिक हुए शामिल

# तिरंगामय हुआ महाराज बाड़ा, देशभक्ति के नारों से गूंजा शहर

**ग्वालियर जीएनएस**

'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत रविवार शाम शहर का हृदय स्थल महाराज बाड़ा तिरंगामय हो गया। हाथों में राष्ट्रीय ध्वज थामे पूर्व सैनिकों, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, युवाओं और शहरवासियों की विशाल तिरंगा यात्रा निकली। इस दौरान महाराज बाड़ा क्षेत्र भारत माता की जय, वंदे मातरम्, हर घर तिरंगा-घर-घर तिरंगा और स्वतंत्रता अमर रहे जैसे देशभक्ति के नारों से गूंज उठा।

युवा पीढ़ी में देशभक्ति की भावना जागृत करने और अभियान में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन और नगर निगम के संयुक्त तत्वावधान में यह यात्रा आयोजित की गई। यात्रा में नगर निगम सभापति मनोज तोमर, भाजपा जिला अध्यक्ष जयप्रकाश राजौरिया, कलेक्टर रुचिका चौहान, नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय सहित जनप्रतिनिधि, जिला प्रशासन एवं नगर निगम के अधिकारी, पूर्व सैनिक और




गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

**राष्ट्रगीत के सामूहिक गायन से हुआ समापन :** तिरंगा यात्रा महाराज बाड़ा क्षेत्र में विभिन्न मार्गों से होते हुए जियोलॉजिकल म्यूजियम के सामने पहुंची। यहां राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' का सामूहिक गायन किया गया। इसके बाद भारत माता के जयघोष के साथ यात्रा का समापन हुआ। यात्रा के दौरान युवाओं में खासा उत्साह दिखाई दिया और लोगों ने शहीदों के प्रति सम्मान व्यक्त किया।

**17 अगस्त तक चलेगा अभियान :** प्रदेश सरकार की ओर से 'हर घर तिरंगा अभियान' के तहत 9 से 17 अगस्त तक विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। ग्वालियर जिले में भी अभियान के दौरान तिरंगा यात्राओं सहित देशभक्ति से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अभियान का उद्देश्य आमजन को स्वतंत्रता संग्राम के बलिदानों से जोड़ना और प्रत्येक घर तक तिरंगे के प्रति सम्मान की भावना पहुंचाना है। इस अवसर पर नगर निगम के अपर आयुक्त प्रदीप तोमर एवं मुनीष सिकरवार, एसडीएम लश्कर नरेंद्र बाबू यादव, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी नरेंद्र सिंह तोमर, बलवीर सिंह तोमर सहित अन्य पूर्व सैनिक मौजूद रहे।

स्वामी, प्रकाशक , मुद्रक रामकिशन तायल 'फौजी' ने श्रमसाधना प्रिन्टर्स, भगवती निवास पारखजी का बाड़ा दौलतगंज, ग्वालियर से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : महेश तायल समाचार चयन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत अधिकृत
e.mail- Shramsadhnagwl@gmail.com ph. 0751-2625029, 98270 17078, 9425007142 समाचार पत्र में प्रकाशित सभी आलेखों में लेखकों के अपने विचार हैं। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र ग्वालियर होगा।